दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | बिलासपुर, रविवार 1 नवंबर 2020, कृष्ण शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-201 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आतंकिस्तान ने जब अभिनंदन को छोड़ा था तब भारत में रहने वाले पाक परस्तों ने वहां के वजीरेआजम इमरान खान की शान में जमकर कसीदे पढ़े थे। इमरान खान की तुलना नेल्सन मंडेला से की थी। गनीमत है किसी ने इमरान को शांति का नोबल पुरस्कार देने की वकालत नहीं की थी। बहरहाल अब आतंकिस्तान के हुक्मरानों ने ही इस बात का खुलासा किया है कि भारत द्वारा हमला किए जाने की आशंका से इमरान खान की पतलून पीली पड़ गई थी। भारत की ताकत और तेवर देखकर ही उसकी घिग्घी बंध गई थी। वैसे भी शेर को कुत्ते कैद नहीं रख सकते थे।

मरवाही उपचुनाव-2020: मतदान के तीन दिन पहले नया सियासी गठजोड़

बीजेपी को जोगी कांग्रेस और परिवार का मिला समर्थन

मरवाही की जनता और जोगी परिवार का धन्यवाद- पूर्व सीएम रमन

बी टीम खुलकर आई सामने, कांग्रेस जीतेगी-सीएम भूपेश बघेल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/बिलासपुर/मन्द्रेगढ़। खुशी और बौखलाहट भरी सियासत मरवाही के उपचुनाव में खुलकर सामने आने लगी है। यूं तो बीजेपी और जोगी कांग्रेस के खास-खास लोगों को मरवाही में कांग्रेस प्रवेश का सिलसिला बदस्तूर जारी था। लेकिन, ऐन मतदान के तीन दिन पहले जोगी परिवार का गढ़ मरवाही में नया और बड़ा गठजोड़ हुआ। चुनाव में अपात्र होने के बाद से ही ताकत, संसाधन और मेन पॉवर में कांग्रेस ने अपने विपक्षी दलों को हर मामलों में पीछे छोड़ दिया था। अचानक सियासी बिसात में चार बदल गई और विरोधी गठजोड़ ने कांग्रेस के लिए चुनौती पैदा कर दी है। बीजेपी को जोगी कांग्रेस(जेसीसीजे)ने समर्थन दे दिया है। हालाकि कांग्रेस शुरु से ही बीजेपी की बी टीम होने का आरोप जोगी कांग्रेस पर लगाती आई है। इस बार खुद सामने आकर खुला समर्थन देने के ऐलान के बाद मरवाही में सियासी सरगर्मियां तेज होने के साथ ही अब मतदाता जरुर कनफ्यूज हो गए हैं।

दोनों का गठबंधन पुराना है, पहली बार खुलकर सामने आया: सीएम भूपेश

■ **मरवाही की जनता के सामने तस्वीर साफ हो गई, कांग्रेस को फर्क नहीं पड़ता**

रायपुर/मनेंद्रगढ़/बिलासपुर। मरवाही चुनाव भाजपा और जोगी कांग्रेस की सेटिंग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान सामने आया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि भाजपा और जोगी परिवार की सांठगांठ काफी पुरानी है। पहली बार दोनों इस बात को खुलकर स्वीकार कर रहे हैं। मरवाही चुनाव प्रचार के पहले मनेंद्रगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि देखिये सब जानते थे कि इनके बीच में सांठगांठ है, और इनका गठबंधन सालों से चल रहा था, पहली बार ये लोग खुले में स्वीकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा को समर्थन, धिक्कार का विषय-देवव्रत सिंह

जिले के खैरागढ़ विधायक देवव्रत सिंह ने आज खैरागढ़ में अपने निवास में प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर अमित जोगी को आडे हाथो लिया हैं। खैरागढ़ के जोगी कांग्रेस के विधायक देवव्रत सिंह और अमित जोगी के बीच चल रही जुबानी जंग में आज एक और बात सामने आई। जिसमें देवव्रत सिंह ने अमीत जोगी का मरवाही चुनाव में समर्थन करना कही ना कही धिक्कार का विषय है। कहते हुए कहा कि स्वर्गीय अजीत जोगी ने पूर्व में भी भाजपा में जाने की बात को कुरान, बाईबल और गीता पर हाथ रखकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गठजोड़ से मेरा भरोसा मजबूत हुआ है, हम जीतेंगे : भाजपा

■ **स्वर्गीय अजीत जोगी के अपमान का भुगतान करेगी कांग्रेस**

रायपुर/मनेंद्रगढ़/ बिलासपुर। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने बाकायदा प्रेसवार्ता लेकर आज मरवाही उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी को जोगी कांग्रेस का पूर्ण समर्थन मिलने की औपचारिक घोषणा करने के साथ ही भाजपा की जीत के प्रति विश्वास जताया है। प्रेसवार्ता में उन्हों ने कहा जोगी परिवार का धन्यावद, जिन्होंने प्रत्याशी गंभीर सिंह को अपना समर्थन दिया। रमन सिंह ने कहा जनता कांग्रेस के साथी धरमजीत सिंह, राजेंद्र राय और बाकी टीम ने गंभीर सिंह को समर्थन करने का निर्णय लिया है। भाजपा जोगी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गठबंधन को डील बताने पर बोली भाजपा

कांग्रेस को हर मामले में सिर्फ और सिर्फ डील दिखता है, जबकि वे शराब की डील करते हैं, रेत की डील करते हैं, कोयले की डील करते हैं अभी सीमेंट का डील जानते हो नहीं? 40 रेट बढ़ा है कितना डील हुआ है डील उनसे पूछोगे तो डील ही डील हुआ है। साड़ी, कंबल, पैसा, कटोरी बांट रहे हैं खरीद-फरोख्त के सिवाय कांग्रेस को कुछ दिखाई नहीं देता। जोगी कांग्रेस के दिवंगत नेता का अपमान, उस परिवार पर सियासी षटरांग का नतीजा है कि भावनात्मक और स्वाभिमान को ठेस पहुंचाया जाता है तो उसकी प्रतिक्रिया ऐसी होती है।

खास-खबर

छठे दिन 50 हजार से कम आये कोरोना के नये मामले

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में लगातार छठे दिन कोरोना वायरस संक्रमण के 50 हजार से कम नये मामले सामने आए हैं तथा इससे ठीक होने वाले लोगों की संख्या अधिक बनी रहने से मृत्यु और सक्रिय मामलों की दर में गिरावट आ रही है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना को मात देने वालों की दर 91.34 प्रतिशत हो गयी है, जबकि मृत्यु दर घटकर 1.49 प्रतिशत तथा संक्रिय मामलों की दर 7.16 फीसदी हो गयी है।

छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान समारोह आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एक नवम्बर को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के तहत राज्य अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री निवास में अपरान्ह 1.30 बजे से होगा। राज्य अलंकरण सम्मान समारोह के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1.30 बजे छत्तीसगढ़ राज्य गीत के गायन से होगा। इसके पश्चात संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत अपना उद्बोधन देंगे।

बाजार उम्मीदों से बेहतर रहे रिलायंस इंडस्ट्रीज के नतीजे

नई दिल्ली(वार्ता)। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के पेट्रो कैमिकल कारोबार पर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले वैश्विक महामारी कोविड-19 का प्रभाव जरुर रहा किंतु समूह की अन्य कंपनियों ने विश्लेषकों और बाजार के पंडितों के अनुमानों को झुठलाते हुए शानदार कारोबार और शुद्ध लाभ में जोरदार वृद्धि हासिल की।

राज्योत्सव: 18.38 लाख किसानों को देंगे न्याय योजना की तीसरी किश्त

■ **तीसरी किश्त के रूप में करेंगे 1500 करोड़ रूपए का अंतरण**

■ **किसानों को दिए गए 3 हजार करोड़ रूपए**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव के कार्यक्रम में प्रदेश के 18 लाख 38 हजार 592 किसानों के खाते में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त के रूप में 1500 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण करेंगे। कृषि क्षेत्र में पर्याप्त निवेश और काश्त लागत में राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को आदान सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत प्रथम और द्वितीय किश्त की राशि के रूप में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शिक्षा कर्मियों को राज्योत्सव पर मिली बड़ी सौगात संविलयन का आदेश जारी

■ **घोषणा के अनुरूप 8 हजार 226 व्याख्याताओं के संविलयन का आदेश जारी**

■ **कुल 16 हजार 278 शिक्षक (पंचायत और नगरीय निकाय) का होगा संविलयन**

■ **शिक्षक और सहायक शिक्षकों का जिला और संभाग स्तर से संविलयन का आदेश होगा जारी**

प्रदेश के शिक्षा कर्मियों को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव पर खुशियों की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 8 हजार 226 व्याख्याताओं (पंचायत एवं नगरीय निकाय) के एक नवम्बर 2020 से स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन का आदेश आज जारी कर दिया गया है। प्रदेश में दो वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले कुल 16 हजार 278 शिक्षक (पंचायत और नगरीय निकाय) के संविलयन का आदेश जारी किया जा रहा है। व्याख्याताओं के आदेश राज्य स्तर पर जारी कर दिए गए है, शेष शिक्षकों के आदेश जिला और संभाग स्तर पर एक दो दिन में जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा अनुसार दो वर्ष पूर्ण करने वाले 16 हजार 278 शिक्षक (पंचायत और नगरीय निकाय) संवर्ग का शिक्षा विभाग में संविलयन किया जाना था।

आज से शुरू होगी आयरन और विटामिन युक्त फोर्टिफाईड राईस वितरण की योजना

■ **भोजन में पोष्टिक तत्वों की पूर्ति के साथ कुपोषण मुक्ति में होगी मददगार**

■ **कोण्डागांव जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू होगी योजना**

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर को आयरन और विटामिन से युक्त फोर्टिफाईड राइस वितरण की अभिनव योजना का शुभारंभ करेंगे। भोजन में आवश्यक पोष्टिक तत्वों की पूर्ति और कुपोषण के नियंत्रण के लिए यह योजना राज्य के कोण्डागांव जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्ष 2020-21 के अपने बजट भाषण में इस योजना को प्रारंभ करने की घोषणा की थी। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 5 करोड़ 80 लाख रूपए का बजट प्रावधान भी किया गया है। फोर्टिफाईड चावल का वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य के दुकानों से किया जाएगा। गौरतलब है कि फोर्टिफाईड राईस में लौह तत्व, विटामिन बी-12 तथा फोलिक एसिड युक्त फोर्टिफाईड राईस करनेल (एफआरके) का मिश्रण होता है। जो लोगों को खुराक में आवश्यक पोष्टिक तत्वों की पूर्ति के साथ ही कुपोषण और एनिमिया के नियंत्रण में काफी मददगार साबित होगा। इस राईस का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्राईबल टूरिज्म सर्किट के पांच नवनिर्मित टूरिस्ट रिसार्ट का करेंगे ई-लोकार्पण

■ **राम वन गमन पर्यटन परिपथ में राजिम और शिवरीनारायण के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य का होगा ई-भूमिपूजन**

■ **सरना एथनिक रिसॉर्ट, कोईनार हाइवे ट्रीट, हिल मैना हाईवे ट्रीट, वे साइड अमेनिटी और सतरेंगा बोट क्लब एंड रिसॉर्ट का होगा लोकार्पण**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक नवम्बर को अपने निवास कार्यालय में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में ट्राईबल टूरिज्म सर्किट के अंतर्गत नवनिर्मित पांच टूरिस्ट रिसार्ट और राम वन गमन पर्यटन परिपथ में राजिम और शिवरीनारायण में कराए गए सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यो का ई-भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ट्राईबल टूरिज्म सर्किट के अंतर्गत जशपुर जिले के बालाछापर में नवनिर्मित सरना एथनिक रिसॉर्ट, कुनकुरी में कोईनार हाइवे ट्रीट, कांकेर जिले के नथियानवागांग में हिल मैना हाईवे ट्रीट, कोरबा जिले के सतरेंगा बोट क्लब एंड रिसॉर्ट और सरगुजा जिले के महेशपुर में वे-साइड अमेनिटी का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ई-लोकार्पण करेंगे। ये सभी ट्राइबल टूरिज्म सर्किट के अन्तर्गत स्वदेश दर्शन योजना के तहत बनाए गए हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी मीडियम स्कूल योजना का शुभारंभ

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्योत्सव पर एक नवम्बर को प्रदेश में स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना का शुभारंभ करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए इस योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए जा रहे हैं। प्रथम चरण में राज्य में 52 इंग्लिश मीडियम स्कूल शुरू किए जा रहे हैं। उत्कृष्ट शिक्षा का संकल्प लिए अंग्रेजी माध्यम के इन स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। इन स्कूलों में अत्याधुनिक लाइब्रेरी एवं लैब, कम्प्यूटर और साइंस लैब के साथ ही ऑनलाईन शिक्षा की भी पूरी सुविधा उपलब्ध है।

'लव जिहाद' के अपराधियों को योगी की चेतावनी-

बाज आ जाओ, नहीं तो राम नाम सत्य की यात्रा पक्की

जौनपुर (ए.)। उत्तर प्रदेश में 'लव जिहाद' के बढ़ते मामलों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जौनपुर में ऐसे अपराध में शामिल होने वाले लोगों को चेतावनी दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये लोग राम नाम सत्य की यात्रा के लिए एकदम तैयार रहें। इन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'कल इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक आदेश दिया है कि शादी के लिए धर्म परिवर्तन को मान्यता नहीं मिलनी चाहिए। इस वजह से सरकार भी निर्णय ले रही है कि हम लव जिहाद को सख्ती से रोकने का काम करेंगे। एक प्रभावी कानून बनाएंगे।'

'राम नाम सत्य की यात्रा निकलने वाली है'

सीएम योगी ने कहा, 'छद्म भेष में, नाम छिपाकर जो लोग बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करते हैं, उन्हें मैं चेतावनी देता हूं कि उनकी राम-नाम सत्य की यात्रा निकलने वाली है। हम लोग मिशन शक्ति के कार्यक्रम को इसीलिए चला रहे हैं।

थरूर बोले-'हिंदू भारत' किसी भी तरह से हिंदू नहीं होगा

'संघी हिंदुत्व राज्य' एक अलग देश होगा

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने 'हिंदुत्व' को 1947 की मुस्लिम सांप्रदायिकता का 'प्रतिबिंब' करार देते हुए कहा है कि इसकी सफलता का मतलब यह होगा कि भारतीय अवधारणा (इंडियन आइडिया) का अंत हो गया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि 'हिंदुत्व' कोई धार्मिक नहीं, बल्कि 'राजनीतिक सिद्धांत' है। थरूर ने अपनी नयी पुस्तक 'द बैटल ऑफबिलॉगिंग' में कहा कि 'हिंदू भारत' किसी भी तरह से हिंदू नहीं होगा, बल्कि 'संघी हिंदुत्व राज्य' होगा जो पूरी तरह से अलग तरह का देश होगा। उनकी इस पुस्तक का शनिवार को विमोचन हुआ। कांग्रेस सांसद ने कहा, 'मेरे जैसे लोग जो अपने प्यारे भारत को संजोए रखना चाहते हैं, उनकी परवरिश इस तरह हुई है कि वे धार्मिक राज्य का तिरस्कार करें।'

भगवान भी सीएम बन जाएं तभ भी सबको नौकरी देना संभव नहीं

नई दिल्ली। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शनिवार को कहा है कि भले ही भगवान कल सीएम बन जाए, 100 फीसदी सरकारी नौकरी तब भी संभव नहीं होगी। स्वयंमपूर्णा मित्रा की पहल पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एक वेब सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रमोद सावंत ने कहा है कि सभी को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है। भले ही भगवान कल सीएम बने 100 फीसदी सरकारी नौकरियां अभी भी संभव नहीं होगीं। बता दें कि देश में कोरोना महामारी के बाद नई नौकरियों को लेकर मिल रहे संकेतों में सुधार दिखना शुरू हो गया है। हालांकि अभी करीब 30 फीसदी नौकरियां वर्क फ्रॉम होम की ही मिल रही हैं। नेशनल करियर सर्विस पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा समय में करीब 57 हजार से ज्यादा नियोक्ता पूरे देश में 1.68 लाख नौकरियां दे रहे हैं। नौकरी मांगने वालों की संख्या 1.04 करोड़ है। नेशनल करियर सर्विस पोर्टल के मुताबिक सितंबर महीने में देश भर में नई नौकरियों की 73,416 जगहों के लिए नियोक्ताओं ने आवेदन मांगे हैं।

स्थापना दिवस | ऐतिहासिक बूढ़ा तालाब को आज से मिलेगी नई पहचान

देश के सबसे बड़े फाऊंटेन, लेजर शो और जगमग लाईटें बनेगी आकर्षण का केन्द्र

■ **राज्य स्थापना दिवस पर राजधानीवासियों को मिलेगी मनोरजंन और पर्यटन की सौगात**

रायपुर। एक नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के दिन प्रदेशवासियों को कई सौगातों के साथ यादगार बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल से राजधानी रायपुर ऐतिहासिक बूढ़ा तालाब को न सिर्फ नई पहचान मिलने जा रही है अपितु लोगों को पर्यटन और रोमांच के साथ मनोरंजन का वह आनंद भी मिलने जा रहा है जो इस समय सुकून के कुछ पल तालाश रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा शहर के मध्य स्थित स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ा तालाब को विकसित करने के साथ आम लोगों को मनोरंजन एवं पर्यटन की सुविधा उपलब्ध कराने विशेष पहल की गई है।

पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने की होगी क्षमता

बूढ़ा तालाब-स्वामी विवेकानंद सरोवर को स्वच्छ बनाने और भीतर के अलावा बाहर के परिसर को भी आकर्षक व खूबसूरत बनाने का पूरा प्रयास किया गया है। यहां दुर्गा देवी मंदिर एवं सुलभ से चांदनी चैक तक के क्षेत्र में लैंड स्केपिंग, प्लेसमेकिंग एवं रीक्रिएशनल जोन तैयार किया गया है, जिसमें हर वर्ग के नागरिकों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है। विश्व का दूसरा बड़ा फाउंटेन बूढ़ा तालाब-विवेकानंद सरोवर की खूबसूरती में चार-चांद लगा रहा है। तालाब के किनारे नव-निर्मित संरचना से स्वामी विवेकानंद जी की विशाल प्रतिमा तक पहुंचने बने फ्लोटिंग डेक 'जल सेतु' का अहसास कराते हैं। आकर्षक प्रवेश द्वार, दो स्तरीय पाथवें, म्यूजिकल फाऊंटेन, टबल फाऊंटेन, आकर्षक लैंड स्केपिंग और जगमगाती रोशनी से तालाब कीखूबसूरती का आनंद रायपुरवासियों के साथ देश भर से पहुंचने वाले पर्यटक ले सकते हैं।

■ न्यूज गैलरी

भाजपा और जोगी कांग्रेस का गठबन्धन अब सामने आ गया, मरवाही का चुनाव अलवा जलवा नहीं- मुख्यमंत्री

बिलासपुर (नव प्रदेश)। मरवाही विधानसभा सभा मे मतदाताओं का व्यापक समर्थन हासिल करने कांग्रेस ने अपने किये गए कार्यो को लेखा जोखा पब्लिक के सामने रख रही है जिसके बिना पर वे उप चुनाव जीतने की जुगत लगा रही है। आज लोहारी ग्राउंड में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जोरदार स्वागत हुवा मंच संचालन का कार्य बिलासपुर विधयाक शैलेश पांडेय ने किया । सभा मे कवासी लखमा ने भी सम्बोधित किया उन्होंने कहा कि जोगी कोंग्रेस ओर बी जे पी का गठबन्धन का सामने आ गया रमन सिंग गली गली घूम रहे हैं 15 साल क्या किये मरवाही के लिये भूपेश सरकार ने मरवाही को जिला बनाया ।वे देश का पह ले मुख्यमंत्री है जो किसानों से गोबर खरीद र हे है। धनकुंवर निसाद ने भी आम जनता को संबोधित किया उन्होंने कहा गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला बनाकर मरवाही के विकास की शुरुआत मुख्यमंत्री ने कर दी है केवट समाज से मैं विधायक बना हु वह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आशिर्वाद से बना हूं। सभा मे सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने भी अपना उद्बोधन दिया उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने मरवाही को बहुत सौगात दी है आने वाले समय मे भी बहुत कुछ करना है अब मरवाही वासियो को विधायक कोंग्रेस पार्टी का चुनना है ।सभा को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भो सम्बोधित किया कहा कि कोंग्रेस पार्टी ग ढबो नवा छत्तीसगढ़ को थीम बनाकर काम कर रही है जोगी कोंग्रेस मरवाही की जनता के वोट को बेचने कूटरचना की है रमन सरकार ने किसानों को हमेशा छला है अब विकास की बात कर रहे है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने ठेठ छत्तीसगढ़िया अंदाज़ में संबोधित करते हुए कहा कहा कि इस लोहरी के मंच में दूसरी बार आ रहा हु मरवाही में पूरे छत्तीसगढ़ से लोग आए है क्यो न आये मरवाही का चुनाव कोई अलवा जलवा चुनाव नही है। श्री बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को भी याद किया और कोंग्रेस पार्टी का इतिहास के बारे में बताया कि आजादी के समय से हमारी पार्टी है। बी जे पी ने हमेशा आदिवासी के साथ अन्याय किया है ।सी एम ने नए कृषि कानूनको आड़े हांथो लिया जिसमे कृषि उत्पाद बेचने के समय सस्ता और खरीदने के समय महंगा होगया । रमन सिंग पिछले 15 सालों में पेंड्रा मरवाही को जिला क्यो नही बनाया 15 सालों में अपना हिसाब न देकर हमसे 22 महीने का हिसाब पूछते है जिसमे भूपेश ने बताया कि हम ऋण माफी किये जिला बनाया 2500 में धान खरीदा ऐसे कई काम किये है बी जे पी का डॉक्टर चुनाव के बाद उसका पता नही चलेगा कोंग्रेस पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर मरवाही में रहेगा और मरवाही में 20 साल से सेवा कर रहा है मरवाही को पर्यटन जिला बनाना है आपको हमारे प्रत्याशी को जिताना है। आज की सभा मे विधायक शैलेष पांडेय कुँवर निषाद प्रकाश नायक ओमवति पेन्द्रों बूँदकुंवर मोहन शुक्ला अजय राय मनोज गुप्ता छोटे आदि थे । मंच पर स्थानीय लोगों का सम्मान- बिलासपुर विधायक शैलेश पांडेय ने मंच में नेताओ के साथ साथ स्थानीय लोगो को बिठाया और उनका सम्मान भी कराया। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान कोंग्रेस के उम्मीदवार डॉ के के ध्रुव सभा स्थल के समीप थे उन्होंने अपने मंच में उन्हें बुलाया और जनता को बताया कि प्रत्याशी मंच में आ जायेगा तो इस सभा का खर्चा उसके खर्च में जुड़ जाएगा अब तो प्रत्याशी आ गया है खर्चा जुड़ जाएगा तो जुड़ जाएगा देखा जाएगा।

अब कम मिल रहे कोरोना के मरीज

कोरोना के 24 संक्रमित मरीज पाये गए, कोरोना मरीज की संख्या 2791 पहुंची,

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिले में कोरोना का संक्रमण शुक्रवार को घटते क्रम मे दिखा और 24 लोग संक्रमित पाये गये पॉजिटिव केस संख्या बढकर 2791 हो गई है। जिसमें से 2440 व्यक्तियों ने कोरोना को मात देकर स्वस्थ होकर घर लौट चुके है जिसके पश्चात जिले में एक्टिव मरीज की संख्या घटकर 334 हो गई है। कोरोना से मृतकों की संख्या 17 स्थिर है। होम आइसोलेशन में 2271 मरीज है, होम आइसोलेशन से रिकवर मरीजों की संख्या बढकर 1937 हो गई है, होम आइसोलेशन में से 3 मरीज की मृत्यु हो गई है, इसके पश्चात होम आइसोलेशन में पॉजिटिव मरीज की संख्या 334 है। जिले के विकास खण्ड में 6 व्यक्ति, लोरमी विकास खण्ड में 13 व्यक्ति व पथरिया विकास खण्ड में 5 व्यक्ति पॉजिटिव पाये गए है। मुंगेली के सुरीघाट में 2 व्यक्ति संक्रमित मिले है। लोरमी विकासखण्ड के कोदवामहंत ग्राम में 5 व्यक्ति संक्रमित पाये गये है। वहीं लोरमी के 2 वार्ड में 3 व्यक्ति संक्रमित पाए गए है। पथरिया विकासखण्ड के कुकुसदा ग्राम में 2 व्यक्ति संक्रमित पाये गये है।

कुटरू में तहसील कार्यालय भैरमगढ़ के लिंक कोर्ट का शुभारंभ

बीजापुर (नव प्रदेश)। जिले के दूरस्थ कुटरू ईलाके के लोगों की बरसों पुरानी मांग आज पूरी हो रही है, छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया भूपेश बघेल की मंशानुरूप शासन की सभी योजनाओं को आम जनता तक आसानी के साथ पहुँचाने सहित जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र प्रदान करने तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अब तेजी आयेगी और इस दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को इन कार्यों के लिए सहूलियत होगी। यह बात विधायक एवं उपाध्यक्ष बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण विक्रम शाह मंडावी ने कुटरू में तहसील कार्यालय भैरमगढ़ के लिंक कार्यालय का शुभारंभ करने के पश्चात उपस्थित क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर उन्होने कहा कि कुटरू क्षेत्र में 25 ग्राम पंचायतों के 10 पटवारी हल्का अंतर्गत 122 अंदरूनी ग्राम सम्मिलित हैं और कुटरू क्षेत्र भैरमगढ़ से करीब 70 किलोमीटर दूर है, कुटरू में तहसील कार्यालय भैरमगढ़ के लिंक कोर्ट खुलने के साथ ही हर सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को लिंक कोर्ट संचालित होने पर इस ईलाके के लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए आसानी होगी। इस अवसर पर विधायक विक्रम शाह मंडावी ने सभी लोगों की सहभागिता से क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने की कटिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि आम जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ सड़क, संचार के कार्यों को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जायेगा। इस दौरान विधायक मंडावी ने ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्या एवं मांगों को सुनी और निराकरण हेतु आश्वस्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने ग्रामीणों को छग शासन की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कुटरू में तहसील कार्यालय का लिंक कोर्ट शुरू होने से अब ग्रामीणों की समय और धन की बचत होगी। अब उन्हे छोटे-छोटे कार्यों के लिए भैरमगढ़ जाना नहीं पड़ेगा। उन्होने ग्रामीणों से रूबरू चर्चा करते हुए कहा कि वनाधिकार पट्टे मिले हैं अब किसान ऋण पुस्तिका मिलेगी। जिससे समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने हेतु लेम्पस में पंजीयन करायें और किसान क्रेडिट कार्ड भी बनवायें। कुटरू में आधार पंजीयन केन्द्र शीघ्र शुरू होगा, सभी ग्रामीण अपना आधार कार्ड बनवायें और बैंक खाता खोलने के साथ ही आधार कार्ड से लिंक करवायें, ताकि शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आसानी होगी।

किसानों ने शुरू की धान की मिसाई

किसानों को ज्यादा इंतजार का अवसर, शासन ने धान पंजीयन की तिथि 10 नवम्बर तक बढाई दी

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में धान की कटाई आरंभ हो गई है किसान धान की कटाई में जुटे हुए है वही अरली क्रॉप के धान की मिसाई पिछले एक सप्ताह से जारी है और किसान धान की मिसाई कर धान खरीदी हेतु शासन के तिथि का इंतिजार कर रही है। इस बार किसानों को ज्यादा इंतिजार करने अवसर मिल सकता है क्योकि शासन ने धान पंजीयन की तिथि 10 नवम्बर तक बढाई दी है। जाहिर है पंजीयन तिथि समाप्त होने के बाद ही धान खरीदी की प्रक्रिया आरंभ होगी। अभी-तक शासन द्वारा धान खरीदी हेतु तिथि घोषित नहीं की है जिसके चलते उपार्जन केन्द्रों में खरीदी हेतु तैयारियॉ भी आरंभ नहीं हुई है, जिसके चलते किसान धान खरीदी हेतु तिथि का इंतिजार करते हुए कयास लगा रहे है कि हो सकता है कि दिसम्बर माह से आरंभ हो। इस तरह किसानों को धान बेचने हेतु लगभग एक माह इंतिजार करना पड सकता है। वही बोनस की तीसरी किस्त किसान न्याय योजना के तहत् 1 नवम्बर से भुगतान करने जा रही है। जिससे भी लगता है कि धान खरीदी आरंभ होने में समय लगेगा। ग्रामीण अंचलों में किसानों ने हरूणा किस्म के धान की कटाई शुरू कर दी है। अंचल में धान कटाई शुरू हो जाने से पिछले दो माह से खाली बैठे खेतिहर मजदूरों को जहां काम मिल गया है। वहीं किसान थ्रेसर के माध्यम से मिसाई में जूटे हुए है। किसान मौसम के बदलाव और फसलों में लगने वाले बीमारियों से परेशान है। वर्तमान में हरूणा किस्म के धान पूरी तरह से पककर खेतों में तैयार है। जिसे किसान मौसम को देखते हुए कटाई कर जल्दी से बीड़ा तैयार कर सुरक्षित स्थानों या घरों तक पहुंचना चाहते हैं, जिससे उनकी धान पर खराब मौसम का असर मत पड़े या बारिश का सामना ना करना पड़े। अपनी तैयार फसल को बचाने किसान लगातार मेहनत करने में लगे हैं। वहीं मौसम अपना रवैया लगातार बदल रहा है, जिससे किसान चिंता में पड़ गए हैं। किसानों को लगातार अपने खेत की फसलों की चिंता है। रोज मौसम परिवर्तन हो रहा है। एक दिन धुप तो दूसरे दिन छांव व बदली रहती है जिसके कारण किसान अपना निर्णय नहीं ले पा रहे हैं। कोई किसान धान की कटाई करवा रहे हैं तो कोई किसान कुछ दिन बाद का इंतजार कर रहे हैं। किसान अब खेती काम के लिए मजदूर खोज रहे हैं, जिससे कटाई जल्दी काम खत्म हो सके, वर्तमान में ज्यादा मजदूरी नहीं देना पड़ रहा है, लेकिन समय के साथ मजदूरी बढ़ेगी, जिसके कारण बहुत से किसान वर्तमान में घर परिवार के साथ छोटे खेतों की कटाई कर फसल एकत्रित करने में लगे हैं। कोरोना संक्रमण में बहुत से मजदूर रोजगार की समस्या से जूझ रहे थे। उन्हें अब किसानी कार्यों में काम मिल सकता है, जिससे गरीब बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा। धान की कटाई करा चुके किसान थ्रेसर के माध्यम से मिसाई भी करा रहे है। देर से बोनी करने वाले किसानो के खेतो में धान फसल में माहो, बनकी, कटवा और तना छेदक का प्रकोप देखने को मिल रहा है। दवाई डाली जा रही है तथा रोग से फसल को बचाने की कोशिश जा रही है।

इस बार 1 नवंबर से धान खरीदी की शुरू हो रही है। अर्ली वेरायटी धान को बेचने के लिए किसानों को इंतजार करना पड़ेगा। इन दिनों धान फसल में माहो, बनकी, कटवा और तना छेदक का प्रकोप देखने को मिल रहा है। दवाई डाली जा रही है तथा रोग से फसल को बचाने की कोशिश जा रही है। क्षेत्र में धान की बालियों में बदरा नजर आ रहा है।

हो रहा है नुकसान -कृषक छन्नू सिंह ठाकुर ने बताया कि दो एकड़ में हाईब्रिड धान बोया था। जबकि एक एकड़ के फसल में माहो रोग लगने से फसल को नुकसान हो रहा है। उनके अलावा बुधेराम और अशोक ने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी प्रभावित गांवों में ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि कुछ गांवों में विभाग ने प्रदर्शनी भी लगाई है। हरूना की फसल अब कटने को तैयार है। जबकि देरी से आने वाले माई धान के पौधों में बालियां व फूल निकलने की शुरुआत हुई है। कीट प्रकोप के संदर्भ में क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी ने बताया कि इन दिनों धान में तना छेदक तो कम हो रहा है। उन्होंने बताया कि ब्लास्ट व सोयाबीन में गडल बिटल के लक्षण ज्यादा दिखाई दे रहे हैं।

सिम्स ने पूरे किए 30 हजार आरटीपीसीआर टेस्ट

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। प्रदेश में राजधानी को छोड़कर अन्य इलाकों में कोरोना टेस्ट के लिए कई दिनों का इंतजार करना पड़ता था क्योंकि कोरोना के लिए प्रदेश में एकमात्र राजधानी रायपुर में ही टेस्टिंग की सुविधाएं उपलब्ध थी लेकिन इसके बाद में न्यायधानी बिलासपुर के सिम्स में पहले ट्रू नाट लैब में टेस्टिंग शुरू की गई थी।जिसके अंतर्गत रोजाना कुछ सैंपल्स की टेस्टिंग की जा रही थी उसके बाद अगस्त माह से सिम्स में आरटीपीसीआर टेस्ट की सुविधा शुरू हुई,जो कि अब तक 30000 से अधिक कोरोना सैंपल्स की टेस्टिंग कर चुकी है। आज सिम्स अस्पताल के कोरोना टेस्टिंग लैब में टेक्नीशियन और डॉक्टरों ने 30000 सैंपल जांच पूरी करने के बाद खुशी मनाते हुए कोरोना से सुरक्षित रहने का संदेश दिया। बता दे कि सिम्स संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल है और आसपास के अंचल के लोग बड़ी मात्रा में रोजाना सिम्स में अपनी जांच कराने आते हैं। सिम्स में आरटी पीसीआर लैब शुरू होने के बाद से ही राजधानी रायपुर में टेस्टिंग की तादातों की संख्या घट गई थी और जिस तरह टेक्नीशियन और डॉक्टरों ने मिलकर बड़ी संख्या में टेस्ट किए,इस बीच कई लोगों को भी कोरोना पॉजिटिव होने का शिकार होना पड़ा था । लेकिन अपने काम की गंभीरता को समझ कर वे वापस आए और फिर जिस तरह उन्होंने अपना काम किया वह काबिले तारीफ है।

ब्योरखोली फाटक स्थायी रूप से बंद

बिलासपुर (नव प्रदेश)। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत करगीरोड-सलकारोड स्टेशनों के मध्य कि.मी. 756/11-13 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या (छारपारा फाटक) को 02 नवंबर 2020 से तथा करगीरोड-सलकारोड स्टेशनों के मध्य कि.मी. 753/01-03 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या BK-19 (ब्योरखोली फाटक) को दिनांक 03 नवम्बर 2020 से सुरक्षा गत कारणों से सडक यातायात के लिये स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। सडक यातायात हेतु वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था BK-21 के लिए पास में ही किमी 756/17-19 पर बनाए गये लिमिटेड हाइट सबवे तथा (ब्योरखोली फाटक) के लिए पास में ही किमी 753/11-13 पर बनाए गये लिमिटेड हाइट सबवे से सडक यातायात चालू रहेगा।

कांग्रेसियों ने इंदिरा की शहादत को किया याद और सरदार पटेल की जयंती मनाई

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। ज़िला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 31 अक्टूबर को तारबाहर चौक में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की शहादत और सिम्स परिसर में भारत रत्न ,पूर्व उप प्रधानमंत्री,गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई ,कांग्रेस जनो ने प्रतिमाओ पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी ।कांग्रेस ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने नेहरू जी और शास्त्री जी की नीतियों पर चलकर भारत को एक मजबूत विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित किया ,श्रीमती गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर आर्थिक मजबूती दी पोखरण में परमाणु परीक्षण कर एवम पाकिस्तान से बांग्लादेश को पृथक कर विश्व मे भारत का सामरिक महत्व को स्थापित किया, हरित क्रांति और श्वेत क्रांति के माध्यम से देश के अंदर भुखमरी को समाप्त करने और गरीबी दूर करने के लिए लागू

किया,20 सूत्रीय कार्यक्रम लागू किया। 31 अक्टूबर1984 को देश के लिए श्रीमती इंदिरा गांधी शहीद हो गई। सरदार वल्लभ भाई पटेल स्वतन्त्रता संग्राम के एक प्रमुख सेनानी थे, उन्हें सरदार ,लौह पुरुष,और भारत का बिस्मार्क कहा जाता है,उन्होंने खेड़ा और बारडोली में किसान आंदोलनों के नेतृत्व किया ,अंग्रेजो को कर वापस लेना पड़ा,सरदार एक बैरिस्टर, साहित्यकार ,सच्चा किसान पुत्र थे,स्वतन्त्र भारत मे उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रहे, रियासत एकीकरण के तहत जूनागढ़ और हैदराबाद के निजाम को सेना के माध्यम से भारत गण राज्य में शामिल किया ,15 दिसंबर 1950 को सरदार पटेल का निधन हुआ। कार्यक्रम में एम आईसी सदस्य जुगल किशोर गोयल,शेख असलम ,एसडी कार्टर,डॉ बद्री जायसवाल, ऋषि पांडेय, शहज़ादी कुरैशी, विनोद साहू ,शैलेन्द्र जायसवाल, दीपांशु श्रीवास्तव, अज़रा खान, सुभाष ठाकुरनसीम खान, ब्रजेश साहू, गणेश रजक, करम गोरख, जयपाल निर्मलकर, अभिलाष रजक, दुर्देशी धनगर, अजय साहू, रवि मिश्रा, आदि उपस्थित थे।

पत्नी बनाने का सपना दिखाकर बनाया शारीरिक संबंध, गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। शादीशुदा महिला को अपने जाल में फंसा कर उसे अपनी पत्नी बनाने का सपना दिखाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। उक्त मामले का खुलासा थाना तोरवा में किया गया। बताया जा रहा है कि पिछले साल 8 दिसंबर को हेमू नगर निवासी एक शादीशुदा महिला ने थाना तोरवा पहुंचकर शिकायत पंजीबद्ध कर आई थी।जिसमे उसने शिकायत में बताया था कि वे 2014 में अपने पति एवं बच्चों के साथ हेमू नगर स्थित चंद्रा चौक के पास आरोपी आशीष सिंह के चाचा मनोज सिंह के मकान में रह रही थी।इसी बीच उसकी मुलाकात आशीष सिंह से हुई,, जो महिला को बहला-फुसलाकर अपने प्रेम के जाल में

फंसाया,उसके बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के चक्कर में महिला को अपनी पत्नी बनाने का झांसा दिया,और फिर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाया। जब महिला ने आरोपी आशीष सिंह पर शादी करने का दबाव डाला,,तो दुष्कर्मी आशीष सिंह ने महिला से कहा कि वह पहले अपने पति से तलाक ले ले,,उसके बाद वह उसे अपनी पत्नी बनाएगा।इस तरह महिला अपने पति से तालाक भी ले ली।लेकिन इसी बीच दुष्कर्मी आशीष सिंह मौके से फरार हो गया। ऐसे में महिला कहीं की नहीं रही, पति और परिवार छूट वहीं जालसाज आशीष सिंह का साथ भी नही मिला। इस तरह महिला थक हार कर थाना तोरवा उक्त मामले की शिकायत करने आ पहुंची।जहां लगभग साल भर से दुष्कर्मी आशीष सिंह की तलाश तोरवा पुलिस द्वारा की जा रही थी।इसी बीच मुखबिर से तोरवा पुलिस को सूचना मिला की दुष्कर्मी आशीष सिंह पश्चिम बंगाल आसनसोल नामक शहर में रहकर चोरी-छिपे कपड़े का व्यवसाय कर रहा है।

दुर्ग अंबिकापुर दुर्ग का परिचालन एक सप्ताह और बढ़ाया गया

बिलासपुर (नव प्रदेश)। यात्रियों की सुविधा एवं मांग को ध्यान रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 08241/08242 दुर्ग -अंबिकापुर- दुर्ग स्पेशल ट्रेन का परिचालन का विस्तार एक सप्ताह और बढ़ा दिया गया हैं। अंबिकापुर दुर्ग स्पेशल ट्रेन का परिचालन 06 नवम्बर, 2020 तक जारी रहेगा। जिसकी विस्तृत समय सारणी निम्नानुसार है- गाड़ी संख्या 08242 अंबिकापुर -दुर्ग स्पेशल अंबिकापुर से 22:30 बजे रवाना होकर 22.48 बजे विश्रामपुर, 00.55 बजे बिजुरी, 02.00 बजे अनूपपुर, 03.00 बजे पेंड्रारोड़, 06:35 बजे उसलापुर, रायपुर 08:40 बजे तथा दुर्ग 09:55 बजे पहुंचेगी । गाड़ी की समय सारणी पूर्ववत ही है।

सतनामी समाज ने बढ़ रही अफवाह का किया खण्डन

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। पुलिस कंट्रोल रूम में जगत गुरू रूद्रकुमार के सतमान संदेश यात्रा के जानकारी के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई जिसमें कलेक्टर पी.एस.एल्मा, एसपी अरविंद कुजूर, सीईओ जिला पंचायत नूपुर राशि पन्ना, एडीशनल कलेक्टर कमलेश्वर चंदेल, सी.डी. तिर्की सतनामी समाज के लोगों से रूबरू होकर सतनाम यात्रा के संबंध में जानकारी ली, जिसमें कार्यक्रम स्पष्ट हुआ कि संदेश यात्रा नवागड सम्बलपुर से सीधे जिले पहुंचेगी। औराबांधा जाने का कार्यक्रम नहीं है। सतनामी समाज ने अपील जारी कर औराबांधा जाने के कार्यक्रम के अफवाह का खण्डन करते हुए अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। 30 अक्टूबर को सतनामी समाज के जिला के गणमान्य संत एवं राजमहन्त द्वारा मीटिंग ली गई है जिसमें दिनांक 03.11.2020 को 9:00 बजे जगतगुरू रूद्रकुमार कैबिनेट मंत्री छ0ग0 शासन द्वारा सतनाम संदेश यात्रा एवं सतनाम राउटी सतनाम सदन रायपुर से 9:00 बजे प्रारंभ होकर परसींवा , सिमगा , बेमेतरा , नवागढ , संबलपुर होते हुए पहुंचेगी राउटी का औराबांधा जाने का कोई योजना नहीं है सतनाम संदेश यात्रा में उपस्थित होकर यात्रा को सफल बनायें जाने के संबंध में मुंगेली में मीटिंग ली गई, जिसमें रामेश्वर बंजारे, भुनेश्वर पाने, ननकु निखारी, दीनदयाल कोशले एवं समाज के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

न्याय की ओर कोविड 19 के संक्रमण के दौर में राज्य विधिक प्रधिकरण की अभिनव पहल

राज्य की प्रथम ई-विधिक सेवा मेगा कैम्प सीरीज का वर्चुअल उद्घघाटन

नव प्रदेश संवाददता

बिलासपुर। नालसा अंतर्गत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा आज राज्य की प्रथम ई-मेगा कैम्प सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन आज विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष एवं हाईकोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि वंचितों को आर्थिक एवं सामाजिक न्याय दिलाने के लिए ई-मेगा विधिक सेवा कैम्प एक अभिनव पहल है। न्याय सिर्फ अदालत तक सीमित नहीं है बल्कि इसकी विस्तृत परिभाषा है। विभिन्न विभागों के सहयोग एवं समन्वय से ई मैगा

कैम्प सीरीज राज्य के 23 जिलों एवं 64 तालिकाओं में आयोजित किया गया है। कैम्प की शुरूआत में ही 4 लाख 40 हजार से अधिक हितग्राहियों को एक सौ ग्यारह करोड़ रूपये का लाभ पहुंचाया गया। कैम्प के उदघाटन के अवसर पर जस्टिस मिश्रा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि ई-मेगा कैम्प जन जागरूकता के लिए एक अभिनव प्रयास है। वर्तमान कोविड की परिस्थिति में विधिक साक्षरता की गतिविधियां ई प्लेटफार्म पर हो रही है। राज्य में पहली ई-लोक अदालत सफल रूप से आयोजित होने के पश्चात् ई-मेगा कैम्प पर विचार किया गया। जब-जब विकट स्थिति उत्पन्न होती है तो कंधे से कंधा मिलाकर कार्यपालिका और न्यायपालिका यह प्रयास करते है कि अंतिम छोर के व्यक्तियें को उनका अधिकार दिलाये। कोविड की परिस्थिति से निपटने के लिए सरकार अपना कार्य बखूबी कर रही है लेकिन इस परिस्थिति में योजनाओं को पहुचाने के लिए ई -मेगा कैम्प एक अच्छा प्लेटफार्म है। उन्होंने बताया कि पैरालिगल वालिंटियर्स जमीनी स्तर पर जाकर जरूरत मंद लोगों तक योजनाएं पहुचाने के लिए प्रयास कर रहे है। इस कैम्प के माध्यम से यदि किसी व्यक्ति को तत्काल लाभ मिल रहा है तो यह इसकी बड़ी सफलता है। उन्होंने बताया कि ई-मेगा कैम्प के माध्यम से शासन की योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाने के लिए पूरे नवम्बर माह तक कार्यवाही जारी रहेगी। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित हाईकोर्ट कम्प्यूटराईजेशन कमेटी के चेयरमेन जस्टिस मनीन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोविड की परिस्थिति में यह एक चुनौती से भरा प्रयास है। राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लोगों तक न्याय पहुंचाने के लिए नयी नयी योजनाएं बनाती है लेकिन इसके लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति के चैयरमेन जस्टिस गौतम भादुड़ी ने कहा कि शासन के सभी अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एक प्लेटफार्म पर आये हैं।

प्याज व्यावसायियों की बैठक सम्पन्न

बीजापुर (नव प्रदेश)। जिला कलेक्टर रितेश अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले के उपभोक्ताओं को वाजिब दाम पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु एसडीएम बीजापुर हेमेन्द्र भुआर्य और एसडीएम भोपालपटनम उमेश पटेल तथा डिप्टी कलेक्टर ओंकारेश्वर सिंह की उपस्थिति में जिले के थोक एवं चिल्हर प्याज व्यावसायियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिले में प्याज की उपलब्धता एवं बाजार भाव की निगरानी के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। वर्तमान में प्याज की थोक दर 60 रूपए किलो तथा चिल्हर में 70 रूपए किलो निर्धारित किया गया। बैठक में अधिकारियों ने व्यावसायियों से प्याज की आवश्यकता के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा।

न्यूज गैलरी

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

रायपुर। विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है । राज्य स्थापना दिवस की बीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि-छत्तीसगढ़ राज्य आज हम सबके समन्वित प्रयास से प्रगति पथ पर अग्रसर है । उन्होंने कहा कि-आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी लोक-संस्कृति, लोक-कला और लोक-परम्परा को संरक्षित रखते हुए विकास पथ पर आगे बढ़े एवं मन, वचन और कर्म से छत्तीसगढ़ राज्य को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए कृत संकल्पित हों ।

वल्लभ भाई पटेल देश की एकता व अखंडता के संवाहक थे-रमन सिंह

रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह ने देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि वे देश की एकता व अखंडता के संवाहक थे। डा. सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का राष्ट्र के प्रति समर्पण, सेवा व मजबूत भारत बनाने के लिए उनका योगदान चिरकाल तक याद रखा जाएगा। आज लौह पुरूष की जयंती है मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर विधानसभा प्रमुख सचिव गंगराड़े ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलायी शपथ

रायपुर। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय में विधान सभा के प्रमुख सचिव चन्द्र शेखर गंगराड़े ने सचिवालय के कर्मचारियों को शपथ दिलायी। श्री गंगराड़े ने आज सुबह 11 बजे विधान सभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में वरिष्ठ अधिकारियों को शपथ दिलायी तथा कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए सचिवालय के शाखा प्रभारियों द्वारा अपने कक्षों/ शाखाओं में अधीनस्थ कर्मचारियों को शपथ दिलायी गयी। साथ ही लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर विधान सभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में प्रतिष्ठापित उनके तैल चित्रों पर विधान सभा के प्रमुख सचिव चन्द्र शेखर गंगराड़े एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।

81 दीप जलाकर मनायी जाएगी संत कंवरराम की जयंती

रायपुर। शहीद संत कंवरराम की 81 जयंती 01 नवंबर को तिल्दा रायपुर के संत कंवरराम चौक में मनाया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत गोदड़ीवाला धाम एवं सिंधी समाज तिल्दा-नेवरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संत कंवराम चौक स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष सुबह 9.45 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है, तत्पश्चात 81 दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे।

राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत पीड़ितों को आर्थिक सहायता

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विभिन्न प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत जिला कलेक्टर के माध्यम से आर्थिक सहायता स्वीकृत की जाती है। ऐसे ही दो प्रकरणों में उत्तर बस्तर कांकेर जिले में नरहरपुर तहसील के ग्राम चनार निवासी श्री सुरेश कुमार नेताम और ग्राम जुनवानी के आकाश साहू की मृत्यु सांप के काटने से होने पर, ग्राम रामपुर के विक्रम कोमरा की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर मृतकों के पीड़ित परिजनों को चार-चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार से कांकेर तहसील के ग्राम कोरेठा निवासी पियरबाई की मृत्यु सर्प के काटने से हो जाने से मृतक के पीड़ित परिजन को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

मरवाही में भाजपा को समर्थन देने के साथ कांग्रेस को छजकां की ललकार

सीएम भूपेश 72 नहीं 720 घंटे करें प्रचार जनता अपमान का लेगी बदला: अमित जोगी

नवप्रदेश संवाददाता

गौरेला/पेंड्रा/मरवाही/रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के अध्यक्ष अमित जोगी ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूरे मंत्रिमंडल समेत 60 विधायकों के मरवाही उपचुनाव में डेरा डाले रखने को लेकर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस और श्री भूपेश बघेल जी मरवाही उपचुनाव में मेरे परिवार को बाहर करने के बाद अब अखाड़े में अकेले कुश्ती लड़ रहे हैं,उसके बावजूद उनका यहाँ अपनी पूरी ताक़त झोंक देना,यहाँ बाक़ी सब काम छोड़ 72 घंटे प्रचार करना, 60 विधायक,पूरे मंत्रीमंडल और हज़ारों कार्यकर्ताओं को बैठा देना,मेरे स्वर्गवासी पिता जी को खुले मंच से नक़ली,फ़ज़ी,निक्कमा और पाखंडी कह कर अपमानित करना,जनता से लूटा पैसा पानी की तरह बहाना,लोकतंत्र की धज्जीयाँ उड़ा देना,लोगों को डराना-धमकाना,बाक़ी सभी विपक्षी दलों को सेट करना-ये सब करना मेरी समझ से परे है?

अगर श्री भूपेश बघेल जी ने वास्तव में अच्छे काम किए हैं, तो ये सब करने की ज़रूरत क्यों? इसका एक ही जवाब समझ में आता है- मरवाही का उपचुनाव 'सत्ता बनाम जनता' हो गया है।जनता उनकी काली कमाई का पैसा भी लेगी लेकिन भूपेश जी यहाँ 72 की जगह 720 घंटे भी घूम लें,फिर भी मेरे पिता जी स्वर्गीय श्री अजीत जोगी जी के अपमान का बदला ज़रूर लेगी।

ई-विधिक सेवा मेगा कैम्प का शुभारंभ

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा शनिवार को ई-विधिक सेवा मेगा कैम्प का शुभारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागो के सहयोग एवं समन्वय से आयोजित यह कैम्प में मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्य संरक्षक पीआर रामचंद्रन मेनन तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस अवसर पर न्यायमूर्ति मनींद्र मोहन श्रीवास्तव, जज छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट एवं चेयरमेन कमेटी फार कम्प्यूटराईजेशन तथा न्यायमूर्ति गौतम भादुरी जज छग हाईकोर्ट एवं चेयरमेन हाईकोर्ट कमेटी भी उपस्थित थे।

'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर प्रमुख सचिव गंगराड़े ने विधान सभा सचिवालय में शपथ दिलायी

सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं श्रीमती इंदिरा गांधी को किये श्रद्धा सुमन अर्पित.

रायपुर। -''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अवसर पर आज विधान सभा सचिवालय में विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री चन्द्र शेखर गंगराड़े ने पूर्वान्ह 11.00 बजे विधान सभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में वरिष्ठ अधिकारियों को शपथ दिलायी तथा कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए सचिवालय के शाखा प्रभारियों द्वारा अपने कक्षों/ शाखाओं में अधीनस्थ कर्मचारियों को शपथ दिलायी गयी । साथ ही लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर विधान सभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में प्रतिष्ठापित उनके तैल चित्रों पर विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री चन्द्र शेखर गंगराड़े एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये ।

किसानों के बकाया और पूरे भुगतान पर मंत्री सिंहदेव को भाजपा की चेतावनी

किसानों का नहीं तोड़ें भरोसा अथवा कर लें वनवास की तैयारी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता तथा पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने धान खरीदी की डांवाडोल व्यवस्था और अब तक किसानों को पिछली खरीदी की राशि का पूरा भुगतान न होने पर कहा है कि अब किसान इस सीजन की धान खरीदी का बेसब्री से इंतजार कर रहा है और इधर उसका पिछला भुगतान ही अधर में लटका हुआ है। कृषि मंत्री कह रहे हैं कि 2 नवम्बर को मंत्रिमण्डलीय उपसमिति की बैठक में किसानों के बकाया की चौथी किश्त पर विचार किया जाएगा, यह किसानों के साथ धोखेबाजी है। किसानों को वादे के मुताबिक एकमुश्त भुगतान किया जाना चाहिए था। सरकार ने वादा खिलाफी करते हुए उसे अंतर की राशि किश्तों किश्तों में देने की ऐसी योजना बनाई कि अन्नदाता को अपनी उपज के दाम के लिए याचक की भूमिका में खड़ा कर दिया। किसान पर एहसान थोपने के लिए तथाकथित न्याय योजना का ढिंढोरा पीटा गया। इस योजना के नाम पर किसान के साथ अन्याय और अपमान किया जा रहा है। किसान से किया गया वादा निभाने की अगर कांग्रेस सरकार की नीयत होती तो अंतर की राशि का एक साथ भुगतान कर दिया गया होता। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि वरिष्ठ मंत्री टी एस सिंहदेव ने दावा किया था कि अगली धान खरीदी के पहले किसान का पूरा भुगतान कर दिया जायेगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो वे मंत्री पद छोड़ देंगे। अब समय आ गया है कि सिंहदेव या तो किसानों की पूरी रकम दिलवाएं या फिर वनवास पर जाने के लिए तैयार रहें।

मोबाईल नहीं देने अज्ञात एक्टीवा सवार लड़कों ने मारा चाकू, मामला दर्ज

रायपुर। मोबाईल नही देने पर एक्टीवा सवार लड़कों ने एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट देवेन्द्रनगर थाने में दर्ज की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार रामनगर गुढ़ियारी निवासी अभिषेक तिवारी 18 वर्ष पिता ददन तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी पैदल जा रहा था,इसी दौरान सड़क किनारे बैठे एक लड़के ने मोबाईल मांगा। नही देने पर कुछ देर बाद एक्टीवा सवार तीन अज्ञात लड़कों ने जांघ पर चाकू मारकर घायल कर फरार हो गये।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सिंहदेव वन अधिकार अधिनियम के बारे में रेडियो पर देंगे जानकारी

- आकाशवाणी रायपुर से 'हमर ग्रामसभा' का प्रसारण 1 नवम्बर को

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव रेडियो पर वन अधिकार अधिनियम की जानकारी देंगे। वे 1 नवम्बर को शाम साढ़े सात बजे से आठ बजे तक आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित विशेष कार्यक्रम 'हमर ग्रामसभा' में इसके विभिन्न प्रावधानों और ग्राम सभा को दिए गए अधिकारों के बारे में बताएंगे। वे इस दौरान श्रोताओं द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी देंगे। इस कार्यक्रम को मीडियम वेब 981 किलोहर्ट्ज पर सुना जा सकता है। प्रदेश में स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ इस कार्यक्रम को रिले करेंगे।

उल्लेखनीय है कि विभागीय योजनाओं की जानकारी देने और इनका लाभ उठाने लोगों को प्रेरित करने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा द्वारा तैयार साप्ताहिक रेडियो कार्यक्रम 'हमर ग्रामसभा' का आकाशवाणी रायपुर द्वारा हर रविवार शाम साढ़े सात बजे से आठ बजे तक प्रसारण किया जाता है।

मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार संचालक मंडल की बैठक संपन्न

- सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों में सहभागी बनकर बोर्ड करेगा श्रमिकों का कल्याण
- मंडल और जिला कार्यालयों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों के
- पारिश्रमिक दर में वृद्धि करने का निर्णय
- कोविड़-19 महामारी से रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर

रायपुर। श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार संचालक मंडल की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। बैठक में संचालक मंडल द्वारा मंडल कार्यालय और जिला कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के पारिश्रमिक दर मे भी वृद्धि करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कोविड-19 के कारण उत्पन्न लॉकडाउन की स्थिति में बहुत से प्रवासी श्रमिक छत्तीसगढ़ लौटे हैं। श्रम विभाग द्वारा इन मजदूरों को तात्कालिक व्यवस्था के तौर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अस्थाई रूप से श्रमिक कार्ड बनाये गए है। जिसे एक वर्ष अवधि तक के लिए वृद्धि किया गया है। कोरोना वायरस (कोविड-19) से संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रवासी श्रमिकों के राज्य से बाहर जाने एवं राज्य के बाहर से छत्तीसगढ़ आने वाले प्रवासी श्रमिकों पर निगरानी रखने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

संचालक मण्डल की बैठक में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार श्रमिकों के मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत मृत्यु होने पर एक लाख रूपए और अपंगता की स्थिति में पचास हजार रूपये अनुदान दिए जाने की योजनाओं का भी अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही मंडल की बजट संबंधी आय-व्यय पर चर्चा की गई। बैठक में विश्वकर्मा दुर्घटना योजना के संबंध में चर्चा की गई। मंत्री डॉ. डहरिया ने पंजीकृत श्रमिकों को जो पात्र हैं, परीक्षण कर योजना का लाभ देने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए हितग्राहियों को प्रदान की जाने वाली सुरक्षा किट्, सायकिल, सिलाई मशीन, श्रमिक औजार आदि सामग्रियों की खरीदी के लिए मंडल द्वारा गठित समिति द्वारा की जाएगी। इस मौके पर मण्डल के सदस्य श्री महेश शर्मा, श्री सतीश अग्रवाल, श्रम विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी., छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के सचिव श्री राजेश पात्रे, वित्त विभाग के प्रतिनिधि श्री ए.के. पाण्डेय, जल संसाधन विभाग के प्रतिनिधि श्री आर.के. खन्ना, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के चीफ इंजीनियर श्री भागीरथी वर्मा, श्रम विभाग के प्रतिनिधि श्री एस.एल.जॉगडे सहित अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

3 कलेक्टर समेत 10 अफसर का बदला

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने आज 3 कलेक्टर समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा के कुल 10 अफसरों का तबादला किया है। आर्डर में तीन कलेक्टर सहित कुल 9 आईएएस और एक आईआरएस अफसर शामिल हैं। अमृत खलखो को राज्यपाल के सचिव के साथ आयुक्त सचिव कृषि एवं गन्ना का अतिरिक्त प्रभार दिया है। एस प्रकाश को विशेष सचिव पंचायत को सचिव पीएचई पदस्थ करते हुए संचालक जल जीवन मिशन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मोहम्मद कैसर को विशेष पंचायत तथा अतिरिक्त आयुक्त मनरेगा को संचालक पंचायत बनाया गया है। कुमार लाल चौहान को कलेक्टर कांकेर से ज्वाइंट सिकरेट्री वन विभाग के साथ-साथ संचालक आजीविका मिशन की जिम्मेदारी दी गई है। रानू साहू को वाणिज्य कर आयुक्त के साथ-साथ पर्यटन मंडल एमडी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

प्रभार, कई विभागों का अतिरिक्त प्रभार

राज्यपाल के सचिव को आयुक्त सचिव कृषि एवं गन्ना का अतिरिक्त प्रभार

क्राईम/घटना/दुर्घटना

आरक्षक ने डेढ़ साल की मासूम को सिगरेट से दागा, डीजीपी ने किया बर्खास्त

रायपुर। आरक्षक अविनाश राय ने एक डेढ़ साल की मासूम को 50 बार सिगरेट से दाग दिया। जानकारी के मुताबिक पुलिसकर्मी मकान मालिक से उधार के पैसे वसूलने गया था। आरक्षक अविनाश राय नशे में धुत था, इस दौरान उसने डेढ़ साल की मासूम को कई बार सिगरेट से दागा। मासूम बच्ची की मां ने पुलिस थाना बालोद में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरक्षक अविनाश राय का हाल ही में बालोद से दुर्ग रक्षित केंद्र ट्रांसफर हुआ है। आरक्षक ग्राम सिवनी में किराए के मकान में रह रहा था । मामले में संज्ञान लेते हुए छत्तीसगढ़ के डीजीपी डी एम अवस्थी ने आरोपी आरक्षक को बर्खास्त कर उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं।

सड़क पार करते समय तेज रफ्तार इनोवा ने मासूम को मारी टक्कर,मौत

रायपुर। नहाने के लिये तालाब जा रहे मासूम को तेज रफ्तार इनोवा वाहन से ठोकर मार देने से गंभीर रुप से घायल हो गया। मासूम को इलाज के लिये अस्तपताल ले जाते समय रास्तें में मौत हो गयी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात इनोवा चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सांकरा वार्ड क्रमांक 15 निवासी गिरीश साहु 27 वर्ष ने तिल्दा-नेवरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी गांव सांकरा गांव का सरपंच है 30 अक्टूबर को 11.15बजे अपने हार्डवेयर दुकान में बैठा था,इसी दौरान गांव के हेमलाल वर्मा ने बताया कि उसका भतीजा ईशु वर्मा उम्र 6 वर्ष अपने साथियों के साथ तलाब से नहाकर रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे मेन रोड ग्राम सांकरा के पास सड़क पार कर रहा था,इसी दौरान सामने से आ रही अज्ञात इनोवा चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुये एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते मासूम गंभीर रुप से घायल हो जाने से खून से लहुलुहान हो गया। इलाज के लिये उसे तवेरा वाहन में लेकर अस्पताल जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी।

नाबालिग लापता,गुम इंसान का मामला दर्ज

रायपुर। नाबालिग लड़की घर से लापता हो जाने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरपारा निवासी पिता 35 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की बेटी उम्र 11 साल 9 माह घर से शुक्रवार को बिना बताये कही चली गई है। पीड़ित ने आशंका जताया है कि किसी ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया है।

अलग-अलग जगह से दो मोबाईल चोरी, मामला दर्ज

रायपुर। कमरे व मोटरसाइकिल की सीट पर रख दो मोबाईल चोरी कर लेने की रिपोर्ट उरला व कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बजरंग पावर कंपनी लेबर चाटर बोरझरा निवासी अजीत सिंह 22 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी अपने दो साथियों के साथ 26 अक्टूबर को खाना खाकर सो गया था सुबह 27 अक्टूबर को उठने पर कमरे में चार्जिग में लगा वनपल्स मोबाईल कीमत 10 हजार रुपयें को किसी ने चोरी कर लिया। इसी तरह संतोषीनगर मस्जिद के पास टिकरापारा निवासी कैफ अशरफी 19 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 29 अक्टूबर को फौव्हारा चौक के पास प्रार्थी ने अपना आई फोन मोबाईल कीमत 10 हजार रुपयें को मोटरसाइकिल के सीट पर रखा हुआ था जिसे किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

युवती के साथ किया अश्लील हरकत, मना करने पर किया मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर। युवक द्वारा घर में घुसकर कमरे में बैठी युवती को बेईज्जत करने की नियत से अश्लील हरकत किया। जिसके बाद पीड़िता की मां ने मना किया तब आरोपी ने गाली-गलौच कर मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार वीरभद्रनगर कोतवाली निवासी पीड़िता 24 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया अपने घर में बैठी हुई थी,इसी दौरान आदित्य नारायण 18 वर्ष ने कमरे में प्रवेशकर बेईज्जत करने की नियत से अश्लील हरकत किया। जिसके बाद प्रार्थिया की मां द्वारा मना करने पर गाली-गलौच कर आरोपी ने मारपीट किया।

सड़क किनारे खड़े खलासी को ट्रक ने रौंदा, मर्ग कायम

रायपुर। नास्ता लेने के दौरान सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को ट्रक ने कुचल दिया। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कलमना बस्ती बेलेनगर नागपुर निवासी विकास सेक्रिट डिसुजा 35 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी ट्रक ड्रायवर है। पिछले 4 दिनों से गाड़ी मालिक के कहने पर ट्रांसपोर्टनगर रायपुर में गाड़ी बनवाने अपने खलासी के साथ आया हुआ है। शुक्रवार 30 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे आईडीबीआई बैंक के पास बबला पेट्रोलपंप के पीछे होटल में नास्ता करने अपने खलासी के साथ गया हुआ था,इसी दौरान सड़क किनारे खड़े खलासी राहुल राणे को तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 10 एएल 9066 के चालक ने एक्सीडेन्ट कर दिया।

नीरज मनजीत

अमेरिका में चुनाव पर चीनी साया

कितनी अजीब बात है कि इस चुनाव में चीन दोनों प्रत्याशियों के लिए एक अहम मुद्दा बना हुआ है। किसी ज़माने में एशिया और लैटिन अमेरिका का हर बड़ा देश, मसलन सोवियत संघ, चीन, भारत, जापान, ब्राज़ील, अर्जेन्टीना आदि, अमेरिका, सीआईए और नाटो पर इल्ज़ाम लगाते थे कि उनकी कंपनियां और उनके एजेंट डॉलर और ताकत के बूते पर उनके देश की राजनीति और चुनाव को प्रभावित करते हैं। क्या यह एक आश्चर्य नहीं है कि अब यह रुतबा चीन को हासिल हो गया है ? अमेरिका और यूरोपीय देश चीनी कंपनियों के बढ़ते वर्चस्व से परेशान हैं। इधर चीन के तमाम पड़ोसी देश उसकी अनुदार विस्तारवादी धौंसपट्टी से मुकाबिल हैं। ट्रम्प तो इस वर्ष की शुरुआत से ही मुखरता से कह रहे हैं कि कोविड-19 से जुड़ी चीन की तमाम गतिविधियां संदेह के घेरे में हैं। क्या अब चीन और अमेरिका के रिश्तों का विश्लेषण करने का वक़्त आ गया है ? इसे समझने के लिए हमें इतिहास की ओर जाना होगा, जब रिचर्ड निक्सन ने चीन से कूटनयिक संबंध बनाने की शुरुआत की थी।

अमेरिका में 3 नवंबर को राष्ट्रपति का चुनाव होना है। अब तक जितने भी शुरुआती रूझान आए हैं, उनमें डेमोक्रेट प्रत्याशी जो बाइडेन रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प पर भारी पड़ रहे हैं। लेकिन तमाम पूर्वानुमानों को ग़लत साबित करते हुए ट्रम्प आखिरी मौके पर बाज़ी पलटने में माहिर हैं। यह हमने 2016 के चुनाव में देखा है, जब सारी दुनिया हिलेरी क्लिंटन के जीतने की भविष्यवाणी कर रही थी, तब ट्रम्प अपनी अनुभवहीनता के बावजूद व्हाइट हाउस पहुँच गए थे। अपेक्षाकृत कम तीख़ी बहसों और तड़क-भड़क से दूर वर्चुअल रैलियों के बाद दोनों तरफ़ से वादों-इरादों और आरोपों-प्रत्यारोपों का सिलसिला तक़रीबन थमता नज़र आ रहा है। एक तरफ़ जो बाइडेन की परिपक्व शालीनता और कमला हैरिस की खिली-खुली मुस्कान है, तो दूसरी तरफ़ डोनाल्ड ट्रम्प का मुखर अभिजात्य। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि इस चुनाव पर चीन का साया साफ़ तौर पर दिखाई दे रहा है। कमला हैरिस को ÷चीन समर्थक कम्युनिस्ट÷ बताते हुए ट्रम्प जो बाइडेन पर चीन से मोटा चुनावी चंदा लेने का आरोप लगा रहे हैं। वे अमेरिकी समाज को समझा रहे हैं कि अगर कमला-बाइडेन की जोड़ी सत्ता में आई तो तमाम चीनी कंपनियां अमेरिका में घुस आएंगी और अमेरिकी समाज पर बाहरी अराजक तत्वों का वर्चस्व हो जाएगा। इधर बाइडेन ट्रम्प पर इल्ज़ाम रहे हैं कि वे कोविड-19 की चुनौतियों से निबटने में विफल रहे हैं। बाइडेन कह रहे हैं कि ट्रम्प चीन से चल रहे व्यापार युद्ध में पराजित हो चुके हैं। बाइडेन यह भी कह रहे हैं कि ट्रम्प न तो अपनी ÷अमेरिका फ़र्स्ट÷ की नीति को कामयाब बना पाए हैं और न ही अमेरिका को फ़िर से महान बनाने का वादा पूरा कर पाए हैं।

निक्सन ने इसे ÷दुनिया को बदल देने वाला हफ़्ता÷ करार दिया था। वे अपनी एक हफ़्ते की चीन यात्रा शुरू करने जा रहे थे। चीन की सांस्कृतिक क्रांति के दो दशकों बाद वहाँ जानेवाले निक्सन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति थे। उनके पूर्व के राष्ट्रपतियों ने औपचारिक राजनयिक रिश्तों को लेकर साम्यवादी चीन से एक तयशुदा सुरक्षित दूरी बनाकर रखी थी। लेकिन निक्सन और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर कुछ अलग ही सोच रखते थे। ये दोनों महानुभाव सोवियत संघ और भारत से अपने राजनयिक रिश्तों को संतुलित करना चाहते थे। और सच कहा जाए तो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष माओत्से तुंग भी यही चाहते थे। माओ चीन को उसके स्वघोषित एकांत से निकालकर विश्व व्यापार के लिए उसका एक दरवाज़ा खोल देना चाहते थे। वैसे भी सोवियत संघ और चीन के रिश्तों के बीच छठे दशक में ही खटास आ गई थी। इधर 1962 के युद्ध के बाद भारत और चीन के संबंध भी असामान्य रूप से तनावपूर्ण थे।

पूंजीवाद और साम्यवाद के इस ऐतिहासिक मिलन को आकार देने के लिए दोनों देशों ने लंबी तैयारी की थी। चीन के लौह दरवाज़ों को खोलने से पहले 'पिंगपांग डिप्लोमेसी' के तहत माओ ने 1970 में अमेरिकी टेबल टेनिस की टीम को चीन बुलाया। फ़िर 1971 में हेनरी किसिंजर पाकिस्तान होते हुए चीन गए। उनके इस दौरे को बिल्कुल गुप्त रखने की कोशिश की गई। किसिंजर भांपना चाहते थे कि अमेरिकियों से मेलजोल बढ़ाने के प्रति चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और चीन के अंदर कितना सकारात्मक भाव है। किसिंजर की गुप्त रिपोर्ट के बाद ही यह तय होना था कि व्हाइट हाउस इस यात्रा को कितना महत्व देना चाहेगा। किसिंजर की समीक्षा रिपोर्ट देखकर निक्सन प्रशासन और विदेशी मामलों का उनका थिंक टैंक इस नतीजे पर पहुंचा कि चीन से कूटनीतिक संबंध वैश्विक शक्ति संतुलन को एक नये आयाम पर ले जा सकते हैं। आखिर, 24 फ़रवरी, 1972 की दोपहर को जब रिचर्ड निक्सन का विमान ÷एयरफ़ोर्स वन÷ बीजिंग की हवाई पट्टी पर उतरा, तो वहाँ किसी भी किस्म की भीड़भाड़ नहीं थी। चीनी प्रधानमंत्री चाऊ एनलाई और उनके विशिष्ट अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उसके बाद अगले सात दिनों तक पूरे विश्व के राजनयिकों, राजनीतिक विश्लेषकों और मीडिया की नज़र बीजिंग और शंघाई पर लगी रही। इस पॉवर पैक्ड हफ़्ते में निक्सन, किसिंजर और अमेरिकी अधिकारी चीनी शासकों से बैठक दर बैठक करते रहे, तो इधर श्रीमती पैट निक्सन चीनी स्कूलों, कॉलेजों और अस्पतालों के कार्यक्रमों में हिस्सा लेती रहीं। सात दिनों बाद जब निक्सन वाशिंगटन लौटे तो विश्व राजनय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय लिखा जा चुका था। आज साइनो-अंकल सैम के रिश्तों को विश्लेषित करनेवाले तमाम समीक्षक एकमत हैं कि इन संबंधों का असामान्य रूप से सीधा फ़ायदा चीन के हिस्से में ही गया है। शीतयुद्ध के दौर में नाटो और मित्र देशों का सारा दबाव सोवियत संघ, क्यूबा और यूरोपीय साम्यवादी देशों को ही झेलना पड़ा था। सोवियत संघ सहित कई देश इस दबाव में टूटकर बिखर भी गए, पर चीन अमेरिकी साये में महफ़ूज़ रहा। शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद नयी सदी में सबने देखा कि चीन ने चुपचाप हर क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक़्क़ी कर ली है और आज चीन दुनियाभर में तनकर खड़ा है। खैर, अब बात करें इस चुनाव के बाद इंडो-अमेरिकी रिश्तों पर। इसमें कोई संदेह नहीं है कि पिछले दो दशकों में ये साझेदारी स्टील की तरह मजबूत होती चली गई है और ऐसे मक़ाम पर हैं, जहाँ किसी भी पार्टी का राष्ट्रपति इस दोस्ती की उपेक्षा करके किसी नयी विश्व व्यवस्था को आकार देने की ओर नहीं जा सकता है। यदि डोनाल्ड ट्रम्प पुनः व्हाइट हाउस में लौटते हैं, तो यह माना जाना चाहिए कि भारत सहित पड़ोसी देशों पर चीन के विस्तारवाद का दबाव काफ़ी कम हो जाएगा। यह ÷प्रेशर कोल्ड वॉर÷ का दौर है। पिछले कई वर्षों से चीन यही कर रहा है। कोविड-19 के बाद चीन के खिलाफ बाक़ी विश्व ने भी यही नीति अपनाई है। इंडो-अंकल सैम की दोस्ती इस नीति का एक महत्वपूर्ण कारक है। कुछ समीक्षक कह रहे हैं कि बाइडेन जीते तो चीन के प्रति उनका रूख नरम हो सकता है। यदि ऐसा है, तो भी कहीं न कहीं बाइडेन प्रशासन को भी चीन के प्रति कड़ा रवैया अपनाना ही पड़ेगा।

अमेरिका कैसे चुना जाता है सबसे ताकतवर देश का मुखिया

साल 2020 दुनिया के लिए कई तरह की खबरें लेकर आया लेकिन सबसे बड़ी खबर बनी कोरोना वायरस की खबर. जिसने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी लेकिन अभी यह सिर्फ़साल के शुरुआती 3 महीने की बात है, अभी एक और खबर पर पूरी दुनिया की नजर है जो इस साल पूरे विश्व के लिए अहमियत रखती है वो है अमेरिका में होने वाला राष्ट्रपति चुनाव.

दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमेरिका और उस पर राज करने वाला व्यक्ति सबसे ताकतवर माना जाता है. ऐसे में अमेरिका का राष्ट्रपति कौन बनता है दुनिया इस पर कड़ी निगाह रखती है. वहां अभी राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने वाली है और 3 नवंबर को अमेरिका की जनता अपने नए नेता के लिए मतदान डालेगी.

भारत की तरह ही अमेरिका भी एक लोकतांत्रिक देश है ऐसे में वोटिंग बहुत अहम है. लेकिन भारत से इतर वहां की प्रक्रिया थोड़ी कठिन और लंबी है. ऐसे में अमेरिका में चुनाव किस तरह होते हैं, वहां की प्रणाली क्या है और एक अमेरिकी व्यक्ति अपने राष्ट्रपति को किस तरह चुनता है यहां आसान भाषा में समझें.

कौन बन सकता है अमेरिका का राष्ट्रपति ?

अमेरिकी संविधान के आर्टिकल 2 के सेक्शन 1 में वहां के राष्ट्रपति चुनाव की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई है. इसमें तीन प्रमुख बातों का ध्यान दिया गया है जिसके तहत अमेरिकी चुनाव की नींव पड़ती है अगर कोई व्यक्ति अमेरिका का राष्ट्रपति बनना चाहता है तो तीन शर्तों को पूरा करना जरूरी है

1. चुनाव लड़ने वाला व्यक्ति पैदाइशी अमेरिकी होना चाहिए.
2. उसकी उम्र कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए.
3. चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति कम से कम 14 बरस तक अमेरिका में रहा होना चाहिए।

कैसे शुरू होती है चुनावी प्रक्रिया?

अमेरिका में दो पार्टी का सिस्टम है पहली रिपब्लिकन और दूसरी डेमोक्रेट्स. दोनों पार्टियों को अपनी-अपनी तरफ से किसी एक व्यक्ति को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना होता है जिसे जनता वोट देती है. लेकिन इस उम्मीदवार को चुनने से पहले भी एक लंबी प्रक्रिया है क्योंकि राष्ट्रपति तो हर कोई बनना चाहता है लेकिन कोई उम्मीदवार कैसे बनेगा इसका चयन भी जनता या पार्टी के समर्थक करते हैं.

प्राइमरी और कॉकसस

पार्टी का उम्मीदवार तय करने के लिए दो तरह से चुनाव किए जाते हैं पहला प्राइमरी और दूसरा कॉकसस. इसमें पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए खड़ा हो सकता है, उसे सिर्फ़अपने समर्थकों का साथ चाहिए होता है.

- अगर प्राइमरी चुनाव के बात करें तो यह राज्य सरकारों के अंतर्गत कराए जाते हैं जोकि खुले और बंद रूप से भी कराए जा सकते हैं. यानी अगर राज्य सरकार चुनती है कि खुले रूप से चुनाव करेगी तो उसमें पार्टी के समर्थक के साथ-साथ आम जनता भी मतदान कर सकती है. वहीं अगर बंद रूप से मतदान होता है तो सिर्फ़पार्टी से जुड़े समर्थक ही उम्मीदवार के लिए वोटिंग करते हैं.

- अब अगर बात कॉकसस सिस्टम की करें तो यह चुनाव पार्टी की तरफ़से ही कराए जाते हैं इसमें पार्टी के समर्थक एक जगह इकट्ठे होते हैं और अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा करते हैं. राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए खड़े हो रहे व्यक्ति की बात सुनते हैं उसके बाद उसी सभा में हाथ खड़े कर एक उम्मीदवार को समर्थन दे दिया जाता है हालांकि ऐसा बहुत ही कम राज्यों में होता है।

माइक ब्लूमबर्ग ने वापस लिया नाम, जो बिडेन का करेंगे समर्थन

इलेक्टोरल कॉलेज वोट दिलाएगा प्रत्याशी को जीत

ज्यादातर लोग मतदान केंद्र पर वोट देते हैं, वैकल्पिक व्यवस्था भी शुरू हुई है. 2016 में 21 फीसद मतदाताओं ने पोस्ट से अपना मत डाला

अमरीकी राष्ट्रपति का चुनाव हमेशा नवंबर के पहले सोमवार के बाद आने वाले पहले मंगलवार को होता है. इस बार यह तारीख 3 नवंबर है. दूसरी देशों के उलट अमरीका की राजनीतिक व्यवस्था में मुख्य तौर पर दो पार्टियों का ही दबदबा है, इसलिए राष्ट्रपति इनमें से ही किसी एक दल का होता है. अमरीका की रिपब्लिकन पार्टी एक पुरातनपंथी राजनीतिक दल है. इस पार्टी से इस बार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उम्मीदवार हैं और वो अगले चार सालों तक फ़िर से राष्ट्रपति बनने की कोशिश में लगे हुए हैं. रिपब्लिकन पार्टी को सबसे पुरानी पार्टी के तौर पर भी जाना जाता है. हाल के सालों में ये पार्टी कम टैक्स, बंदूक रखने के अधिकार और प्रवासियों पर कड़ी पाबंदियाँ लगाने की वजह से जानी जाती है।

विजेता का फैसला कैसे होता है?

अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत हमेशा उस उम्मीदवार की नहीं होती है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा वोट आते हैं. जैसा कि हमने साल 2016 में हिलेरी क्लिंटन के मामले देखा था. उन्हें देश भर में सबसे ज्यादा वोट आए थे लेकिन वो हार गई थीं.

इसके बदले उम्मीदवारों को इलेक्टोरल कॉलेज वोट में जीतना होता है. हर राज्य में एक निश्चित संख्या में इलेक्टोरल कॉलेज वोट होते हैं. यह राज्य की जनसंख्या पर निर्भर करता है. कुल 538 वोट होते हैं जिनमें से 270 या फ़िर उससे ज्यादा वोट जीतने के लिए हासिल करने होते हैं.

इसका मतलब यह हुआ कि अगर कोई अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देना चाहता है तो उसे राज्य स्तर पर हो रहे मुकाबले में वोट करना होगा ना कि राष्ट्रीय स्तर पर.

जो भी उम्मीदवार सबसे ज्यादा वोट पाता है, उसे राज्य के सभी इलेक्टोरल कॉलेज वोट चले जाते हैं. ज्यादातर राज्य किसी एक पार्टी की तरफ ज्यादा झुकाव रखते हैं. इसका मतलब यह होता है कि उम्मीदवार उस राज्य में ज्यादा ध्यान देते हैं जहाँ उनके जीतने की संभावना रहती है. ऐसे राज्यों को बैटलग्राउंड स्टेट बोलते हैं.

कौन वोट दे सकता है और वो कैसे वोट देते हैं?

अगर आप अमरीकी नागरिक हैं और 18 साल या उससे ज्यादा उम्र के हैं तो आप अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव में वोट दे सकते हैं. हालांकि, कई राज्यों ने ऐसे क़ानून बनाए हुए हैं कि मतदाता को वोट से पहले अपनी पहचान संबंधी दस्तावेज दिखाने होंगे. रिपब्लिकन पार्टी का इस क़ानून पर खास जोर है क्योंकि उनका मानना है कि वोट में धांधली को रोकने के लिए यह जरूरी है. लेकिन डेमोक्रेट्स इस मुद्दे पर उन पर आरोप लगाते हैं कि इस क़ानून का दुरुपयोग अक्सर गरीब और अल्पसंख्यक मतदाताओं को दबाने के लिए होता है जो ड्राइविंग लाइसेंस जैसे पहचान पत्र दिखा पाने में असमर्थ होते हैं. अलग-अलग राज्यों में कैदियों के वोट देने को लेकर भी अलग-अलग नियम हैं. ज्यादातर मामलों में दोषी पाए जाने के बाद वो अपना मतदान का अधिकार खो देते हैं लेकिन सजा काटने के बाद फ़िर से उन्हें मतदान का अधिकार हासिल हो जाता है.

ज्यादातर लोग चुनाव के दिन मतदान केंद्र पर वोट देते हैं लेकिन हाल के सालों में वैकल्पिक व्यवस्था भी शुरू हुई है. 2016 में 21 फ़ीसद मतदाताओं ने पोस्ट से अपने वोट डाले थे.

इस बार लोगों का मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करना कोरोना वायरस महामारी की वजह से एक बहस का विषय बना हुआ है. कुछ नेता ज्यादा से ज्यादा डाक से मतदान कराए जाने का मुद्दा उठा रहे हैं, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने बहुत ही कम प्रमाणों के आधार पर यह कहा है कि इससे मतदान में ज्यादा धांधली हो सकती है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं थोड़ी सी माँ जैसी

मैं थोड़ी सी माँ जैसी लेकिन ज्यादा, पापा जैसी हूँ। थोड़ी सी शांत ज्यादा मेहनतकश, थोड़ी सी नासमझ लेकिन कभी-कभी, ज्यादा चिंतनशील भी हूँ। माँ जैसा हँसती हूँ लेकिन फ़िर एकदम से पापा की तरह खामोश हो जाती हूँ। सब कहते हैं मैं सिर्फ पापा जैसी हूँ, लेकिन थोड़ी सी माँ सी भी हूँ!

- सरिता खोवाला

न करार है न सुकूं

न करार है ,न सुकूं है जुनून है , बस जुनून है हर तरफ इक आग है जलता हुआ शबाब है भीड़ है .... हुजूम है हर तरफ बस शोर है नफ़रतों का उबाल है कातिल है नकाब मे समाज के पोशाक मे सैकड़ों पाँव चल रहे राह से गुज़र रहे कुंद सा दिमाग है दृष्टि नही साथ है अंत कहाँ है मगर हर रोज़ इक शोर है द्वंद है आर्तनाद है।

- शिखा लाहिरी

ख़ास पाती

दिल ने खाई थी हसीं मात

दिल ने खाई थी हसीं मात पे रह जाते हैं। बस उसी पहली मुलाक़ात पे रह जाते हैं। इश्क़ है रोग,शिफा या के इबादत या मज़ा, सब परेशान इसी बात पे रह जाते हैं। फ़ायदा इसका सियासत भी उठाती भरपूर , आज भी लोग यहाँ ज़ात पे रह जाते हैं । बात! तन्हाइयों से अपनी किया करते जब , हम भी हैरान सवालात पे रह जाते हैं । उनके हिस्से का मुक़द्दर भी ख़ुदा लिखता है, ज़िंदगी ज़िन्दा जो ख़ैरात पे रह जाते हैं। हैं गुनहगार पनाहों में सलामत उनकी , सारे इलज़ाम भी अज्ञात पे रह जाते हैं । राब्ता तोड़ के कितना भी प्रखर चुप बैठो, बोझ कुछ अनकहे जज़्बात पे रह जाते हैं।- **राजेश श्रीवास्तव 'प्रखर'**

राम राज आया है यही क्या,हम तुम

राम राज आया है यही क्या,हम तुम जो बीमार हुए। तन से तो बीमार थे पहले अब मन भी बीमार हुए।। भ्रात बन्धु के सारे रिश्ते पल मे तारम तार हुए। देख जगत की हालत ऐसी राम जी शर्मसार हुए।। जात धर्म के नशे मे केवल आपस मे तकरार हुए । आज अखण्ड भारत के टुकड़े होने को तैयार हुए।। राम नाम बस कंठों तक ही हाथों मे तलवार हुए। आज संकट मे हर बेटी, हर घर और संसार हुए।। नोच रहे हैं जालिम बोटी, गिद्धों से बेकार हुए। यूवा पीढ़ी पतन को निश्चित, कुछ ऐसे आसार हुए।

- रानी इन्दु

ऊपर-नीचे नीचे-ऊपर होता जीवन

ऊपर-नीचे, नीचे-ऊपर होता जीवन, पा कर खोना,खो कर पाने का अभिनन्दन। हँसना-रोना, रुकना-बढ़ना जीवन का क्रम, हाथों से अर्जित , आँखों से खोने का भ्रम। जीवन का ताना-बाना , कहता रहता है । अंत में क्यों ? अंतर्द्वद्व बना रहता है ! - **पंकज कुमार बसंत**

तेरह ग्यारह पर यती, चार चरण

तेरह ग्यारह पर यती, चार चरण का मेल आओ मित्रों सीखलें दोहे का यह खेल। दोहा दोहा कर रहे ,दोहा रचे अनेक। सबके मन में घर करे, दोहा रचा न एक। सोच रही ऐसा रचूं,दोहा मैं इस बार। गहन अर्थ गम्भीर हो , पढ़ सब करें विचार। श्रेष्ठ श्रेष्ठ करते रहे हर पल आठों याम। दोहे रच पोथी भरी , माया मिली ना राम। वाणी ऐसी बोलिए , सुन मन में संतोष। हर ले सारी वेदना,रहे न कोई रोष। देखी रचना धर्मिता, आया तुरत विचार। दोहे में ही दे दिया,मनका मनका प्यार। **- चंद्र लता यादव**

तबियत मेरी उजली कर दे मुझे

तबियत मेरी उजली कर दे मुझे थोड़ा खुजली कर दे । महके लफ्ज़, तेरे नज़्म से ख्याल अपनी चुलबुली कर दे। मिले होंठ तेरे मेरे यूँ कि जाम से जाम दुगनी कर दे ।

- सुरेश वैष्णव

आवश्यकता है एक कुशल

आवश्यकता है एक कुशल मनोवैज्ञानिक की जो देश के हारे हुए मनोबल को जीत का आह्वान दे। आवश्यकता है एक कुशल नाविक की जो इक्कीसवीं सदी की नौका को सही दिशा ज्ञान दे । जी हां! आवश्यकता है एक और कृष्ण की जो वर्तमान महान भारत को पुनः गीता ज्ञान दे।

- ममता अमर

तेरा पहलू न सही, तेरी नफरत ही

तेरा पहलू न सही, तेरी नफ़रत ही सही । हम बहुत खुश हैं, तेरे साथ तो हैं ।। कल ये नफ़रत भी मुहब्बत में बदल सकती है । माना कैसे भी सही, मेरे लिये जज़्बात तो हैं ।।

- सुभाष राहत बरेलवी

QUIZ TIME

1) किस वंश को अमरार्य / अमराज कुल भी कहा जाता था?
2) किस राष्ट्रीयकृत वनोत्पाद का छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर संग्रहण किया जाता है?
3) छत्तीसगढ़ के किस जिले में गोमरदा वन्य जीव अभयारण्य स्थित है? (रायगढ़ / बिलासपुर / सरगुजा)
4) छ.ग. राज्य में किस नदी पर रविशंकर सागर परियोजना स्थित है?
5) छत्तीसगढ़ के रंगकर्मी का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सातवाहन (2) तेंदू पत्ता (3) रायगढ़ (4) महानदी (5) हबीब तनवीर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1755 - पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत। 1765 - ब्रिटेन के उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू किया गया। 1800 - जॉन एडम्स व्हाइट हाउस में रहने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने। 1858 - भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटेन के शासक के पास गया तथा गवर्नर-जनरल की जगह वायसराय की नियुक्ति की जाने लगी। 1881 - कलकत्ता (अब कोलकाता) में ट्राम सेवा सियालदाह तथा अर्मेनिया घाट के बीच शुरू हुई। 1913 - स्वतंत्रता सेनानी तारकनाथ दास ने अमेरिका के कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को शहर में गदर आंदोलन की शुरुआत की। 1922 - ओटोमन साम्राज्य का अंत हुआ। उसके सुल्तान महमूद छः को बहिष्कृत कर दिया गया। 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन की सेना नीदरलैंड के वालचेरेन पहुंची। 1948 - प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री संतोष गंगवार का जन्म। 1950 - भारत में पहला भाप इंजन चितरंजन रेल कारखाने में बनाया गया। 1954 - फ्रांसीसी क्षेत्र पांडिचेरी, करिकल, माहे तथा यानोन भारत सरकार को सौंपे गये। 1956 - कर्नाटक राज्य की स्थापना। 1958 - तत्कालीन सोवियत संघ (अब रूस) ने परमाणु परीक्षण किया। 1966 - हरियाणा राज्य की स्थापना। 1973 - मैसूर का नाम बदलकर कर्नाटक किया गया। 1973 - बॉलीवुड अभिनेत्री एवं पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय का जन्म। 1974 - संयुक्त राष्ट्र ने पूर्वी भूमध्यसागरीय देश साइप्रस की स्वतंत्रता को मान्यता दी।

'तू मेरा नहीं' के लिये उत्साहित हैं अमाल मलिक



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड संगीतकार-गायक और गीतकार अमाल अब अपनी बहुप्रतीक्षित पॉप डेब्यू ' तू मेरा नहीं' के लिये उत्साहित हैं। कबीर सिंह, एम एस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी, एयरलिफ्ट और कपूर एंड संस जैसी फिल्मों के लिए हिट संगीत दे चुके अमाल मलिक अब अपनी बहुप्रतीक्षित पॉप डेब्यू 'तू मेरा नहीं' रिलीज़ करने के लिए तैयार हैं। अमाल ने इस रोमांटिक सांग को गाया और कंपोज किया है और इसके बोल रश्मि विराग ने लिखे। यह पॉप सिंगल का विषय प्यार, अलगाव, और फिर जीवन में आगे बढ़ने पर आधारित है। इस भव्य संगीत वीडियो में अमाल और सुपरमॉडल अभिनेत्री अदिति बुधाथोकी नजर आएंगी। इस गाने का ऑडियो पांच नवंबर को रिलीज़ किया जाएगा। अमाल मलिक का मानना है, ÷मैं हमेशा से अपने लिए नॉन फ़िल्मी संगीत बनाना चाहता था और मैं बेहद खुश हूँ कि 'तू मेरा नहीं' रिलीज़ होने जा रहा है। मैंने पहली बार म्यूज़िक वीडियो के लिए गाना कंपोज किया, गाया, और उसमे फीचर भी करता नजर आऊंगा। मैं उम्मीद करता हूं कि मैं अपने फैंस की आशाओं पर खरा उतरूंगा। दुबई से मेरे म्यूज़िक कैरियर की शुरुआत हुई थी।



माधवन की फिल्म में पत्रकार का किरदार निभायेंगे शाहरूख!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान आर. माधवन की फिल्म में पत्रकार का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। शाहरुख खान की अंतिम फिल्म जीरो वर्ष 2018 में प्रदर्शित हुयी थी। फिल्म की असफलता के बाद से ही शाहरूख फिल्मों से दूर है। चर्चा है कि शाहरुख खान, आर माधवन की एक फिल्म में भी अहम किरदार निभाने वाले हैं। कहा जा रहा है कि आर माधवन की इस फिल्म में शाहरुख खान एक टीवी पत्रकार की भूमिका में नजर आने वाले हैं और इस फिल्म का नाम 'राकेट्री- द नम्बी इफेक्ट' होगा। बताया जा रहा है कि यह फिल्म पूर्व वैज्ञानिक नंबी नारायणन की जिंदगी पर आधारित है जिन्हें जासूसी के आरोपों में फंसा दिया गया था। माधवन लंबे समय से नंबी नारायण की जिंदगी पर फिल्म बनाना चाहते थे। फिल्म में नंबी नारायण का रोल आर माधवन ही निभाने जा रहे हैं। फिल्म में दिखाया जाएगा कि शाहरुख एक पत्रकार बन नारायण की जिंदगी के हर पहलू को दर्शकों तक पहुंचाएंगे। आर माधवन फिल्म में शाहरुख खान को अपनी आत्मकथा सुनाते दिखेंगे।

नेपोटिज्म पर खुलकर बोले सलमान खान

नई दिल्ली। बिग बॉस में इस हफ्ते नेपोटिज्म को लेकर काफी विवाद हुआ। राहुल वैद्य ने जान कुमार सानू को नेपोटिज्म प्रोडक्ट बताया था। अब वीकेंड का वार में सलमान खान, राहुल के इस कमेंट पर उनकी क्लास लगाएंगे। दरअसल शो का प्रोमो सामने आया है जिसमें सलमान, राहुल से पूछते हैं आपके सिंगिंग के ट्यूशन फीस किसने भरी? फिर वह जान से पूछते हैं, जान आपके पापा ने कितनी जगह आपके लिए काम मांगा? जान कहते हैं, कभी नहीं सर। सलमान, राहुल से पूछते हैं आपका बच्चा सिंगर बनेगा तो उसे नेपोटिज्म कहोगे। फिर सलमान कहते हैं, अगर मेरे पापा मेरे लिए कुछ करते हैं तो क्या उसे नेपोटिज्म कहेंगे? जिसमें बात होगी वह ही चलेगा, इस प्लैटफॉर्म में नेपोटिज्म का मुद्दा लाने की जरूरत नहीं। जान की मां रीता ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह अपने काम की बदौलत शो में हैं। उन्होंने जान पर राहुल वैद्य के बयान को अपमानजनक बताया। उन्होंने कहा था, 'अगर राहुल को लगता है कि जान शो में नेपोटिज्म के कारण हैं तो दोनों एक ही प्लैटफॉर्म पर कैसे आ गए? राहुल के अनुसार अगर इनसाइडर और आउटसाडर में डिफ्रेंस है तो वह उस प्लैटफॉर्म पर कैसे आ गए जहां मेरा बेटा है?' 'जान के पिता कुमार सानू ने अभी तक लगभग 23 हजार गाने गए हैं, ऐसे में उनका बेटा होने के नाते जान को पिता के सपोर्ट से कम से कम 23 सॉन्ग गाने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि जान ने जो कुछ भी अचीव किया है अपनी बदौलत किया है। इसके अलावा रीता ने यह सवाल किया कि जब जान के गाने की वजह से उन्हें टास्क जीतने में मदद मिली थी तब वह नेपोटिज्म को कैसे भूल गए थे।

सोनू सूद से फैन ने कहा- मुझे मालदीव पहुंचा दीजिए

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद कोरोना काल में जरूरतमंद लोगों की बढ़-चढ़कर मदद कर रहे हैं। उनसे मदद की गुहार लगाने वाले कभी निराश नहीं होत हैं। वह सोशल मीडिया के जरिए सहायता मांगने वालों को तुरंत रिप्लाई करते हैं और उनसे उनकी जानकारी लेकर तुरंत मदद पहुंचाते हैं लेकिन कई ऐसे भी लोग हैं जो उनसे अजीबो-गरीब मांग करते हैं जिस पर एक्टर भी उन्हें मजेदार जवाब देकर चुप करा देते हैं। एक यूजर ने सोनू सूद को टैग करते हुए ट्वीट किया, 'सर, मुझे मालदीव जाना है पहुंचा दो न।' इसके जवाब में सोनू सूद ने लिखा, 'साइकिल पर जाओगे या रिक्शा पर भाई।' सोनू सूद के इस ट्वीट को खूब पसंद किया जा रहा है। फैन्स की हंसी नहीं रुक रही हैं। वे कमेंट करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'उनके लिए प्राइवेट जेट खरीद दीजिए। अगले दिन कोई मंगल ग्रह तक पहुंचने के लिए रॉकेट की मांग करेगा।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'उसके लिए बैलगाड़ी परफेक्ट रहेगी।' इससे पहले सोनू सूद ने अपने एक फैन से मिलने के एक मजेदार शर्त रखी थी। फैन ने ट्वीट किया था, 'सोनू सूद सर, मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं, लेकिन मेरी आपसे मुलाकात नहीं होगी, मैं जानता हूं।

आरआईएल ने घोषित नतीजों में 9,567 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया

बाजार उम्मीदों से बेहतर रहे रिलायंस इंडस्ट्रीज के नतीजे

नई दिल्ली (वार्ता)। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड(आरआईएल) के पेट्रो कैमिकल कारोबार पर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले वैश्विक महामारी कोविड-19 का प्रभाव जरुर रहा किंतु समूह की अन्य कंपनियों ने विश्लेषकों और बाजार के पंडितों के अनुमानों को झुठलाते हुए शानदार कारोबार और शुद्ध लाभ में जोरदार वृद्धि हासिल की।

आरआईएल ने 2020-21 की दूसरी तिमाही के घोषित नतीजों में 9,567 करोड़ रू का शुद्ध लाभ अर्जित। हलांकि यह पिछले वर्ष की इसी तिमाही से 15 फीसदी कम है किंतु बाजार विश्लेषकों से कहीं बेहतर है। कंपनियों के कारोबार पर विश्लेषण करने वाली प्रमुख ब्लूमबर्ग के विश्लेषकों की राय में रिलायंस का मुनाफा करीब 9,017 करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया था। इसके उलट कंपनी का कंसोलिडेटिड शुद्ध लाभ एक बार फिर 10,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया जो कंसोलिडेटिड शुद्ध लाभ। कंसोलिडेटिड शुद्ध लाभ पिछली तिमाही के मुकाबले 28 प्रतिशत बढ़कर 10,602 करोड़ रुपये रहा

मुकेश अंबानी के नये कारोबार वाली रिलायंस रिटेल और जियो प्लेटफॉर्म्स शानदार प्रर्दशन के दम पर रिलायंस इंडस्ट्रीज की कंसोलिडेटिड आय 27.2 प्रतिशत की मजबूत क्रमिक वृद्धि के साथ तिमाही में 1,28,285 करोड़ रुपये रही। कोविड-19 के कारण उपजी परिस्थितियों में दुनिया भर में ईंधन की मांग और कच्चे तेल की कीमतों में जबर्दस्त गिरावट दर्ज की गई थी। इसका असर रिलायंस के ऑयल एंड गैस कारोबार पर भी पड़ा। कोरोना वायरस से सबसे अधिक प्रभावित जून तिमाही के मुकाबले सितंबर तिमाही के कंसोलिडेटिड शुद्ध लाभ में 28 फीसदी का उछाल देखने को मिला। रिलायंस जियो ने रिलायंस समूह की सभी कंपनियों में सबसे जोरदार नतीजे दिये। पिछले साल समान तिमाही के 990 करोड़ रू के शुद्ध लाभ को करीब तिगुना करते हुए सितंबर तिमाही में कंपनी ने 2,844 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया। राजस्व में भी चार हजार करोड़ से अधिक का इजाफा देखने को मिला। कंपनी के एआरपीयू यानी प्रति ग्राहक आय में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सितंबर तिमाही में यह 145 रुपये रहा, जबकि जून तिमाही में यह 140 और एक वर्ष पहले 2019-20 की सितंबर तिमाही में यह करीब 120 रुपये ही था।

वित्त आयोग ने रिपोर्ट पर विचार-विमर्श पूरा किया

नई दिल्ली (वार्ता)। पंन्द्रहवें वित्त आयोग ने आज वित्त वर्ष 2021-22 से लेकर वित्त वर्ष 2025-2026 की रिपोर्ट पर विचार विमर्श पूरा कर लिया है और अब नौ नवंबर को यह रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी जायेगी। रिपोर्ट पर 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन के सिंह और इस आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, प्रोफेसर अनूप सिंह, डॉ. अशोक लाहिड़ी तथा डॉ. रमेश चंद्र मे हस्ताक्षर किए।

आयोग ने राष्ट्रपति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा था। अब राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा यह सूचित किया गया है कि रिपोर्ट 9 नवंबर 2020 को पेश कर दी जाएगी। आयोग अगले महीने के अंत में प्रधानमंत्री को भी रिपोर्ट की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

सस्ता प्याज उपलब्ध कराने के लिए नैफेड ने निकाली निविदा

नई दिल्ली। नैफेड ने नवंबर 2020 तक 15,000 टन लाल प्याज की आपूर्ति के लिए शनिवार को आयातकों से बोलियां मंगाई। इसका मकसद देश में प्याज की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाना और घरेलू बाजार में उपलब्धता बढ़ाना है। नैफेड ने नवंबर 2020 तक किसी भी देश से 40 से 60 मिलीमीटर आकार की लाल प्याज की आपूर्ति की निविदा निकाली है। इस प्याज का दाम 50 रुपये प्रति किलोग्राम तक होना चाहिए। निविदा के मुताबिक आयातक न्यूनतम 2,000 टन की आपूर्ति के लिए बोलियां लगा सकते है। इन्हें 500 टन के कई लॉट में उपलब्ध कराया जा सकता है। आयातक अपनी बोलियां चार नवंबर तक जमा करा सकते हैं और उसी दिन निविदा के तहत मिली बोलियों को खोला जाएगा। आयातकों को प्याज की आपूर्ति कांडला बंदरगाह और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर करनी होगी।

पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार 29 वें दिन स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल के दामों में शनिवार को लगातार 29 वें दिन भी कोई घटबढ़ नहीं हुई। डीजल के दाम में अंतिम बार कटौती दो अक्टूबर को हुई थी,जबकि पेट्रोल की कीमत पिछले 39 दिन से स्थिर हैं।

पेट्रोल की कीमत में आखिरी बार 22 सितंबर को 7 से 8 पैसे प्रति लीटर की गिरावट देखी गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में बहुत उठापटक देखने को नहीं मिल रही है।अमेरिका में तेल भंडारण बढ़ने और मांग को लेकर चिंता से कच्चे तेल में कमजोरी बनी हुई है। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों से मांग को लेकर भी चिंता सता रही है। अमेरिका और यूरोप में कोरोना वायरस की दूसरी लहर की वजह से मांग को लेकर चिंता है। तेल विपणन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंडियन आयल के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 81.06 रुपये जबकि डीजल 70.46 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। वाणिज्यिक नगरी मुंबई में पेट्रोल 87.74 रुपये प्रति लीटर और डीजल 76.86 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा।

कोलकाता में पेट्रोल 82.59 रुपये प्रति लीटर और डीजल 73.99 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 84.14 रुपये प्रति लीटर और डीजव 75.99 रुपये प्रति लीटर पर टिकी रही।

चीनी पर सब्सिडी आगे नहीं मिलेगी

नई दिल्ली। सरकार चीनी निर्यात पर दी जा रही सब्सिडी का विस्तार नये चीनी वर्ष 2020- 21 में किए जाने पर फिलहाल विचार नहीं कर रही है। रेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को यह कहा। गोयल फिलहाल खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग का भी कामकाज देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में फिलहाल चीनी के दाम स्थिर बने हुए हैं, इसलिए निर्यात सब्सिडी को आगे बढ़ाने पर फिलहाल कोई विचार नहीं किया जा रहा है। वहीं खाद्य सचिव सुधांशु पांडे ने इस अवसर पर कहा कि देश से 2019- 20 में अब तक की सर्वाधिक 57 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि गन्ने का बकाया कम है और मिलें इस साल इसका भुगतान तेजी से कर सकतीं हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है।

अफरीकी फुटबाल परिसंघ के अध्यक्ष कोरोना से संक्रमित

अकरा (वार्ता)। अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) के अध्यक्ष अहमद अहमद कोरोना से संक्रमित हो गए हैं और 14 दिन के लिए क्वारंटीन में चले गए हैं।

सीएएफ ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी देते हुए बताया कि 28 अक्टूबर को मिस्र की राजधानी काहिरा से आने के बाद अहमद में फ्लू संक्रमण के हल्के लक्षण देखे गये जिसके बाद उनकी कोविड-19 की जांच कराई गई। उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। उन्होंने खुद को होटल में 14 दिनों के लिए क्वारंटीन कर लिया है।

बयान के अनुसार वे सभी लोग जो पिछले सात दिनों में ख़ास तौर पर कन्फेडरेशन कप के लिए उनकी मोरक्को यात्रा के दौरान अहमद के संपर्क आये थे, उन्हें इस संबंध में सूचित कर दिया गया है और उनसे एहतियाती कदम उठाने का अनुरोध किया गया है।

बल्ला फेंकने पर गेल पर लगा जुर्माना

अबु धाबी (वार्ता)। किंग्स इलेवन पंजाब के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल पर अबु धाबी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल मैच के दौरान बल्ला फेंकने परआचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी ने गेल पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने शुक्रवार को मैच के दौरान गेल को 99 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद गेल ने झुंझलाकर अपना बल्ला मैदान पर फेंक दिया था। गेल पर आईपीएल की आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की तरफ से जारी बयान में कहा गया, गेल ने लगाये गये जुर्माने को स्वीकार कर लिया है। आईपीएल की आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। गेल ने इस मैच में आठ छक्के मारे जिसके बाद वह टी-20 क्रिकेट में 1000 छक्के मारने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गये। गेल ने इस मुकाबले में 99 रन बनाये, वह शतक से चूके और उनकी टीम पंजाब को हार का सामना करना पड़ा।

आईपीएल/2020 : जीत के साथ-साथ अपने नेट रन रेट को सुधारने पर भी ध्यान देगी टीम

कोलकाता और राजस्थान में करो या मरो का मुकाबला

दुबई (वार्ता)। कोलकाता नाईट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को होने वाला आईपीएल मैच दोनों टीमों के लिए करो या मरो का मुकाबला होगा।

राजस्थान 13 मैचों में छह जीत, सात हार और 12 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है जबकि कोलकाता 13 मैचों में छह जीत, सात हार और 12 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। दोनों टीमों के बीच यह मैच करो या मरो का मुकाबला है। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम की 14 अंकों के साथ उम्मीदें बनी रहेंगी जबकि हारने वाली टीम प्लेऑफ की होड़ से बाहर हो जायेगी।

14 अंकों पर पहुंचने के बाद भी टीम अपना प्लेऑफ सुनिश्चित नहीं समझ सकती है क्योंकि उसे दूसरी टीमों के परिणाम और नेट रन रेट को भी देखना होगा। इसलिए इस मुकाबले में कोलकाता और राजस्थान को जीत साथ-साथ अपने नेट रन रेट को सुधारने पर भी ध्यान लगाना होगा क्योंकि आखिरी समीकरण में नेट रन रेट निर्णायक रहेगा।

राजस्थान ने कल अबु धाबी में किंग्स इलेवन पंजाब को सात विकेट से हराकर उम्मीदों को जगाने वाली जीत हासिल की थी। पंजाब ने क्रिस गेल की 99 रन की पारी की बदौलत चार विकेट पर 185 रन का मजबूत स्कोर बनाया था लेकिन राजस्थान ने 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 186 रन बनाकर जीत अपने नाम की थी। राजस्थान के लिए बेन स्टोक्स ने 50, संजू सैमसन ने 48 ,कप्तान स्टीवन स्मिथ ने नाबाद 31 और जोस बटलर ने नाबाद 22 रनों की मैच जिताने वाली पारियां खेली थीं।

दूसरी तरफ कोलकाता को अपने पिछले मैच में दुबई में चेन्नई सुपरकिंग्स के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसकी उम्मीदों को गहरा झटका लगा था। कोलकाता के पास जीतने का मौका था लेकिन आखिरी दो ओवरों में उसके हाथों से यह मौका निकल गया। कोलकाता को उस हार से उबरकर वापसी करने की जरूरत है।

पंजाब को चेन्नई पर चाहिए जीत नहीं तो बाहर

अबु धाबी (वार्ता)। किंग्स इलेवन पंजाब को अपने पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से हारने के बाद अब रविवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफहोने वाले आईपीएल मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी वरना उसका सफर समाप्त हो जाएगा। चेन्नई की टीम प्लेऑफकी होड़ से बाहर हो चुकी है और वह सिर्फपंजाब का खेल खराब कर सकती है। प्लेऑफकी होड़ से बाहर हो जाने के बाद चेन्नई ने अगले दो मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आठ विकेट से और कोलकाता नाईट राइडर्स को छह विकेट से हराया है। चेन्नई की नजरें अपने आखिरी लीग मैच में जीत हासिल कर टूर्नामेंट से सम्मानजनक विदाई लेने पर लगी हुई हैं।

नई नौकरियों में घटने लगी महिलाओं की हिस्सेदारी

नई दिल्ली। कोरोना महामारी का सबसे बुरा असर महिलाओं के रोजगार और उनके कारोबार के लिए मिलने वाले निवेश पर हुआ है। इसके चलते नई नौकरियों में महिलाओं की हिस्सेदारी अगस्त महीने में घटकर 20 फीसदी से नीचे आ गई है। कोरोना के बाद से महिलाओं की जॉब मार्केट में हिस्सेदारी लगातार गिरी है। सरकार की ओर जारी होने वाली रोजगार के डेटा से यह जानकारी मिली है। विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों का कहना है कि नई नौकरियों में महिलाओं की हिस्सेदारी कम होने की वजह कोरोना संकट के चलते बाजार मे नई नौकरियों की भारी कमी, पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं के साथ भेदभाव और नियोक्ता द्वारा काम के घंटे बढ़ाकर कर्मचारियों की लागत को कम करने का लक्ष्य शामिल हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से एकत्र किए गए पेरोल डेटा के अनुसार, अगस्त में 669,914 लोगों को नई नौकरी मिली उनमें से केवल 133,872, या सिर्फ 19.98त्न महिला कर्मी थी। वहीं, नई नियुक्तियों में महिला कर्मियों की संख्या जुलाई में 20.49त्न और जून में 21.11त्न थी। सरकार एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कोरोना संकट का व्यापक असर सभी सेक्टर्स और रोजगार पर हुआ है। हालांकि, सबसे बुरा असर महिलाओं के रोजगार पर देखने को मिल रहा है। यह चिंता का विषय है। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संगठन ने भी अपनी रिपोर्ट में चेताया था कि कोरोना संकट के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी तेजी से बढ़ेगी। वह देश जो पिछले कुछ सालों से रोजगार परिदृश्य सुधारने में कामयाब हुए थे वह एक बार फिर से पीछे चले जाएंगे। एक्सएलआरआई जमशेदपुर में प्रोफेसर और अर्थशास्त्री के. आर. श्याम सुंदर ने कहा कि महिलाओं की जॉब मार्केट में हिस्सेदारी घटने की तीन वजह है।

भारी मात्रा में महुआ लाहन बरामद

धमतरी (नवप्रदेश)। कलेक्टर जय प्रकाश मौर्य के निर्देशानुसार अबकारी अमला द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, धारण एवं विक्रय पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि उज्जैन जहरीली शराब कांड के मद्देनजर मुख्यालय के निर्देश के अनुक्रम में सतत कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि केरेगांव थाना अंतर्गत सलोनी नाला क्षेत्र में आबकारी दल धमतरी की छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें भारी मात्रा में महुआ लाहन बरामद किया गया। इस मौके पर आबकारी अमले द्वारा धारा 34(1)(च) के तहत मामला पंजीबद्ध कर मौके पर 500 किलोग्राम महुआ लाहन का नष्टीकरण किया गया।

कलेक्टोरेट में ली गई राष्ट्रीय एकता की शपथ

धमतरी (नव प्रदेश)। राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर आज कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने स्वयं को समर्पित करने और देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का प्रयत्न करने की शपथ ली गई। शपथ में यह भी कहा गया कि यह शपथ देश की एकता की भावना से ले रहे हैं, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। साथ ही अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया गया।

ई-मेगा कैम्प से जिले के दस हजार से अधिक हितग्राही हुए लाभान्वित

जगदलपुर (नव प्रदेश)। जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला प्रशासन द्वारा आज आयोजित ई-मेगा कैम्प में जिले के 10427 हितग्राही विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हुए। वहीं एक करोड़ चालीस लाख 58 हजार 500 रुपए का भुगतान भी किया गया। तोकापाल में आयोजित ई-मेगा कैम्प में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना के तहत 22 हितग्राहियों को 7 लाख 40 हजार रुपए, समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना के तहत दो हितग्राहियों को 70 हजार रुपए और परिवार सहायता योजना के तहत 20 हितग्राहियों को दो लाख रुपए प्रदान किए गए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित मनरेगा के तहत 546 मजदूरों को 5 लाख 94 हजार रुपए का भुगतान किया गया। इसके साथ ही यहां राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 4 समूहों को चार लाख रुपए ऋण और 5 समूहों को डेढ़ लाख रुपए का अनुदान दिया गया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा यहां दो लोक नर्तक दलों को बीस हजार रुपए, और बड़ेपारा देवगुड़ी निर्माण के लिए एक लाख रुपए दिया गया। श्रम विभाग द्वारा संचालित प्रसुति योजना के तहत 50 हितग्राहियों को 50 हजार रुपए और दिव्यांग सहायता योजना के तहत पांच हितग्राहियों को पांच लाख रुपए की सहायता दी गई।

अंत्यावसायी वित्त विकास निगम के माध्यम से शहीद वीर नारायण स्वावलंबन योजना के तहत 5 हितग्राहियों को दस लाख रुपए और आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत 16 हितग्राहियों को 9 लाख 80 हजार रुपए दिए गए। उद्योग विभाग के माध्यम से संचालित प्रधान मंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत सात हितग्राहियों को 79 लाख 4 हजार 500 रुपए का ऋण और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत सात हितग्राहियों को 13 लाख 50 हजार रुपए का ऋण प्रदान किया गया। ई-मेगा कैम्प में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित नोनी सुरक्षा योजना के तहत 20 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण, 20 हितग्राहियों को नवजात शिशु जन्म प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा सात हितग्राहियों को व्हीलचेयर वितरण, और पांच मितानीनों को मितानीन दवा पेटी रिफलिंग, शिक्षा विभाग द्वारा 23 विद्यार्थियों को निःशुल्क सायकल वितरण, 15 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र, समावेशी शिक्षा योजना के तहत पांच हितग्राहियों को सायकिल, खाद्य विभाग द्वारा 19 हितग्राहियों को राशन कार्ड, कौशल विकास विभाग द्वारा 8117 प्रवासी श्रमिकों की स्किल मैपिंग और 2389 प्रवासी श्रमिकों को रोजगार व श्रम विभाग द्वारा 1416 प्रवासी श्रमिकों को को पंजीयन कार्ड उपलब्ध कराया गया।

फ्राइडे फॉर फ्यूचर अभियान की शुरुआत

18 वर्षीय नंदिनी दीक्षित ने पर्यावरण संरक्षण हेतु सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार लोगो को जागरूक करने बीड़ा उठाया

नव प्रदेश संवाददाता

बचेली। लौह नगरी में आज शुक्रवार दोपहर 12 बजे ÷फ्राइडे फॉर फ्यूचर÷ पर्यावरण जागरूकता अभियान की नींव रखी गयी,जिसमे स्थानीय लोगो,जनप्रतिनिधियों, पत्रकारो सहित युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आपको बता दे कि इस अभियान की शुरुआत स्वीडन में रहने वाली 16 वर्षीय युवती ग्रेटा थम्बर्ग ने 20 अगस्त 2018 में की थी जिसके तहत सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को स्कूली छात्रों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए एक प्रदर्शन के तौर पर कर लोगो को जागरूक करने एवं पर्यावरण जागरूकता का सन्देश देने का कार्य किया जाता है। इस अभियान में विश्व के 150 से अधिक देशों के लाखों लोग जुड़ चुके है। प्रेरित होकर इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए बचेली की बिटिया नंदिनी दीक्षित जो कि इस फाउंडेशन की सदस्य भी है उसने आज नगर में इस सकारात्मक पहल का शुभारंभ किया। विदित हो कि समूचे विश्व एवं भारत मे प्रदूषण एक बहुत बड़ी चुनौती के रूप में उभरकर आ रहा है। अंधाधुंध पेड़ो की कटाई,कारखानों,वाहनों आदि से निकलने वाला धुंआ,प्लास्टिक का ज्यादा मात्रा में उपयोग,दिनों दिन वनों का सिमटता क्षेत्र,शहरी क्षेत्रों का बढ़ना कहीं ना कहीं इसी वहज से आज पूरी दुनिया मे ग्लोबल वार्मिग की समस्या बहुत बड़ी चुनौती बन कर उभरी है। प्राण वायु प्रदूषित हो चुकी है प्रदूषण की चपेट में बड़े शहर तो है ही इसके अलावा अब गाँव एवं कस्बों वनांचल क्षेत्रो तक प्रदूषण ने किसी ना किसी तरह अपने पैर पसार लिए है। नंदिनी ने आज अपने उद्बोधन में एक चौकाने वाली बात करते हुए बताया कि उसने बचेली जैसी स्वच्छ वातावरण वाली जगह का कुछ दिनों पूर्व एयर पॉल्यूशन टेस्ट किया जिसमें बचेली की हवा भी प्रदूषित पाई गई तो बड़े शहरों के हालात कैसे होंगे इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। नंदनी के मुताबिक पेड़ो की कमी की वजह से ऑक्सीजन की मात्रा में कमी आ रही है प्रत्येक पेड़ में औसतन 15 लोग निर्भर हो रहे है जो कहीं ना कही आने वाले खतरे का संकेत है। हमे समझना होगा कि पर्यावरण की हमारे जीवन मे कितनी अहमियत है मनुष्य जीव जंतु पर्यावरण पर पुर्णतः निर्भर है। जरूरत है की हम जितना हो सके पर्यावरण की रक्षा के लिए हफ्ते में ही सही एक दिन निकाले एवं यह प्रण ले कि जब प्रकृति ने हमे इतना कुछ दिया है हम प्रकृति को कुछ दे ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए। बचेली नगर के घड़ी चौक में आज आयोजित इस फ्राइडे फॉर फ्यूचर अभियान की शुरुआत की गई जिसका एकमात्र उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति की पर्यावरण में भागीदारी सुनिश्चित करने और लोगों में जागरूकता फैलाने की है।

कांग्रेसियों ने मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी का शहादत दिवस

■ **पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के शहादत दिवस को किसान अधिकार दिवस के रूप में मनाकर एक दिन का सत्याग्रह किया।**

बचेली (नव प्रदेश)। कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम के निर्देशानुसार आज 31अक्टूबर को बचेली नगर में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी जी का शहादत दिवस मनाया गया। इसी शहादत दिवस को किसान अधिकार दिवस के रूप में मनाया गया। और केंद्र सरकार की किसान विरोधी कानूनों के विरोध में बचेली ब्लॉक कांग्रेस के तत्वाधान में एक दिवसीय सत्याग्रह का आयोजन किया गया आज के आयोजन में बचेली नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूजा साव, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री उस्मान खान ,एवं कांग्रेसी पार्षद किरण जैसवाल ,निर्मला तिरकी , अप्पू कुंजाम,बीना साहू, रीना दुर्गा , फ़िरोज़ नवाब बचेली एल्डरमैन रघु कुमार , गोपाल कश्यप , कमला सोनवानी, सुशील निहाल एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन गुड्डु साव ,नरेंद्र सोनी , उमेश सिंह , प्रताप मन्ना ,माया अधिकारी , नरसिम्हा रेड्डी (लंबू),मान सिंघ , उत्तम साहा ,कपिल दुग्गड़ युवा कांग्रेस के गगनप्रीत सिंह, सलमान नवाब एवं समस्त कांग्रेस जन शामिल हुए।

जंगल में 15 फिट ऊंचा माओवादी स्मारक ध्वस्त

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। पुलिस अधीक्षक बीजापुर के दिशा निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना पामेड़ से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिषेक सिंह के नेतृत्व में जिला बल, छसबल एवं केरिपु 151 का संयुक्त बल यमपुर, सेण्ड्रमबोर की ओर निकली थी। अभियान के दौरान पुलिस बल सेण्ड्रमबोर के जंगलों में माओवादियों द्वारा निर्मित 15 फिट ऊंचे स्मारक को ध्वस्त किया गया। थाना पामेड़ क्षेत्रान्तर्गत विकास की गति को बढ़ाने सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण, क्षेत्र में संचार एवं बिजली सुविधा उपलब्ध कराने सुरक्षा प्रदान की जा रही है एवं माओवादी विरोधी अभियान लगातार जारी है।

कर्मचारी ने लिया राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

धमतरी (नव प्रदेश)। कोविड-19 महामारी के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सुझाये गये विभिन्न दिशा-निर्देशों (सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनना इत्यादि सुरक्षात्मक उपाय) का पालन करते हुए जिला पंचायत धमतरी में श्रीमती नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ सभी अधिकारी/कर्मचारी ने लिया। अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करने देश की एकता की भावना से सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों को संभव बनाने देश के आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लेते हुए अधिकारी/कर्मचारी ने शपथ लिया।

माओवादी विरोधी अभियान के दौरान अलग-अलग स्थान से 04 माओवादी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप के दिशा निर्देशन में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना भैरमगढ़ से जिला बल एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी उसपरी, बिरियाभूमि, डालेर, धुडसाकल, टिण्डोडी की ओर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान उसपरी के जंगल से 02 माओवादियों एवं डालेर से 01 माओवादी को पकड़ा गया। वामन पोयाम पिता पण्डरू उम्र 30 वर्ष साकिन डालेर, थाना भैरमगढ़। कमामू उर्फ कलमू पिता मासो पोयाम उम्र 27 वर्ष साकिन उसपरी थाना भैरमगढ़। टीबू उर्फ रीदू पिता चैतु कवासी उम्र 35 वर्ष साकिन उसपरी थाना भैरमगढ़। पकड़े गये आरोपी थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत14-15 अगस्त 2010 को भटवाड़ा के पास पेड़ व रोड

काटकार जगह जगह मार्ग अवरूद्ध करने, 4 फरवरी 2020 को पुलिस पार्टी व मतदान दल को क्षति पहुचाने के लिये आईईडी लगाने की घटना में शामिल थे।26 अक्टूबर 2020 को टिण्डोडी रोड निर्माण कार्य में लगे वाहनों में आगजनी की घटना में शामिल थे। पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा फरार माओवादियों की गिरफ्तारी के लिये 10-10 हजार रूप्ये ईनाम राशि की उद्घोषणा की गई है। उक्त सूची में पकड़े गये माओवादी भी शामिल है। थाना बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत केरिपु 85 बटालियन ''ए'' कंपनी का बल अभियान पर मुकापारा,सावनार, कोरचोली, गुण्डापारा की ओर निकले थे। सावनार के मुकापारा के पास एक घर से 8-10 संदिग्ध भागते हुये नजर आये पास जाकर, घर का सर्च करने पर 03 नग पिटठू 02 नग मेग्जीन पोच, नक्सली साहित्य बैनर पर्चा मिला।

लगभग चार हजार से अधिक हितग्राही हुए ई-मेगा कैम्प से लाभान्वित

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने ई-मेगा कैम्प का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उद्घाटन किया

नव प्रदेश संवाददाता

धमतरी। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अभिनव पहल के रूप में जनहित में संयुक्त प्रयास के तौर पर ई-मेगा कैंप आज आयोजित किया गया है। आज सुबह 10.30 बजे इस शिविर का विधिवत उद्घाटन बिलासपुर स्थित उच्च न्यायालय से न्यायाधीश और कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रशांत कुमार मिश्र द्वारा किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए एक साथ राज्य के 23 जिले और 64 तहसील इस शिविर से जुड़े रहे। इस मौके पर न्यायमूर्ति श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि कोविड 19 के संकटकाल में डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने का प्रयास है। परिणामस्वरूप आज की तिथि में राज्य भर के 4,40,337 लाभार्थियों को विभिन्न विभागीय योजान्तर्गत 111 करोड़ रुपए का लाभ इस शिविर के जरिए पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि पूरे नवंबर माह में यह अभियान चलाया जाएगा, जिससे कि अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच कर उन्हें लाभ पहुंचाया जा सके। इस मौके पर उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को विभागीय योजनाओं सम्बन्धी कोई शिकायत है, तो राज्य विधिक सेवा के टोल फ्री नंबर 15100 में शिकायत कर सकता है।

शिक्षक संवर्ग के संविलियन अनंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन

नव प्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के तहत शासकीय शालाओं में कार्यरत शिक्षक (पंचायत/नगरीय निकाय) संवर्ग जो 1 नवम्बर 2020 की स्थिति में 2 वर्ष या उससे अधिक सेवा पूर्ण कर चुके हैं, उनको स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन किया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर, शैक्षणिक जिला सक्ती से प्राप्त वरिष्ठता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 24 अक्टूबर तक प्राप्त दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद अनंतिम एकीकृत (ग्रामीण व शहरी) वरिष्ठता सूची को प्रकाशन किया गया है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तीर्थराज अग्रवाल ने बताया कि सूची में किसी अभ्यार्थी को आपत्ति हो तो वे कार्यालयीन अवधि में दिनांक 2 नवम्बर 2020 तक सीधे कक्ष क्रमांक 1 में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त सूची जिला पंचायत कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

गठजोड़ से मेरा...

कांग्रेस के सभी सदस्यों के समर्थन के बाद मेरा विश्वास मजबूत हुआ है कि हम जीतेंगे हमारा प्रत्याशी जीतेगा। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने यह भी कहा कि वे देख रहे थे कि लगातार रेणु जोगी सुबह से निकलकर शाम तक घूम घूम कर जनता के बीच उपस्थित हो रही हैं और जनता से न्याय मांग रही है न्याय किस बात के लिए कि जिस प्रकार स्वर्गीय अजीत जोगी को अपमानित किया गया, जिस प्रकार चुनाव के दौरान उनके पोस्टर जलाए गए, अपमानित करने के लिए शब्द बोलेगा यह परिवार व्यथित है। और उन्होंने तो जनता से हाथ जोड़कर अपील की है कि वह कांग्रेस की जमानत जप्त कराएं और लोगों के साथ जुड़ने की बात, जो जोगी परिवार वर्षों से जुड़ा हुआ है उन्होंने स्पष्ट रूप से अपना पक्ष रखा है कि कांग्रेस की जमानत जप्त होनी चाहिए। इसका बड़ा असर उस क्षेत्र के मतदाताओं पर पड़ेगा। यह प्रभाव भारतीय जनता पार्टी की जीत और मजबूती के सुनिश्चित करेगा। जोगी परिवार और श्रीमती रेणु जोगी, धर्मजीत सिंह समेत स्वर्गीय अजीत जोगी जी के चाहने वालों की जो पीड़ा छजकां सुप्रीमो के अपमान से पहुंची है। उसी स्वाभिमान की रक्षा के लिए वे सभी भाजपा के समर्थन और कांग्रेस के विरोध में बाहर आई हैं।

मरवाही में 300 करोड़ के विकास पर पलटवार

कांग्रेस और भूपेश सरकार पूरे छत्तीसगढ़ में इतना काम करा लें तो धन्य हो जाएंगे हम लोग एक सड़क का निर्माण, पुल का निर्माण है स्कूल का निर्माण करवा, नरवा घुरवा बारी सिवाय 22 महीने में भूपेश सरकार कोई भी एक नया काम की। जो भी काम हो रहा है प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का हो रहा है आवास का काम भी ठप पड़ गया सब काम से बंद हो गए और कोई काम इनसे होगा नहीं और मरवाही के सिर्फ घोषणा घोषणा घोषणा कर पाएंगे। छ ग की जनता जान चुकी है 20 महीने में केवल घोषणा किये है और 5 साल भी कुछ नही कर पाएंगे ये भी मेरा दावा है।

भाजपा को समर्थन...

कसम खाई थी कि जीते जी भाजपा का समर्थन या प्रवेश नहीं करेंगे। लेकिन वही अमित जोगी ने मरवाही चुनाव में भाजपा का समर्थन कर अपने पिताजी स्वर्गीय अजीत जोगी को भी ठेस पहुंची है। वही मरवाही की जनता से देवव्रत सिंह ने अपील की है कि वे कांग्रेस का समर्थन करते हुए छत्तीसगढ़ की सरकार को और मजबूत करे ।

दोनों का गठबंधन...

स्वीकार किये हैं, रमन सिंह स्वीकार कर रहे हैं और अमित जोगी स्वीकार कर रहे हैं। दोनों की स्वीकारोक्ति इस बात का प्रमाण है कि दोनों के पुराने संबंध रहे हैं दोनों का गठजोड़ बहुत पुराना है। हालांकि कांग्रेस का आरोप है कि इस समझौते के बीच 10 करोड़ की डील है। पैसे के ऐवज में जोगी कांग्रेस ने सपोर्ट करने का ऐलान किया है। इधर अमित जोगी ने कहा है कि उन्होंने मौजूदा परिस्थिति के आधार पर ये निर्णय लिया है। ये अस्थाई गठबंधन है। भाजपा को उनकी बी टीम ने खुले आम समर्थन दिया, अब कांग्रेस ज्यादा वोट से जीतेगी। अब जनता देख रही है कि उनके बीच का गठजोड़ सिर्फ कुर्सी हासिल करने के लिए पहले से चलते रहा है,अब भी चल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस को इससे कोई फर्क नहीं पडने वाला बल्कि मरवाही की जनता के समाने तस्वीर अब पूरी तरह से साफ हो गई है। अब कांग्रेस प्रत्याशी पहले की तुलना में ज्यादा वोट से जीतेंगे। डीलिंग वाली पार्टी का असली चेहरा सामने आ गया। नामांकन रद्द होने का कारण नियमों व तथ्यों के आधार पर हुआ है इससे हमारा कोई लेना देना नहीं। भाजपा की बी टीम है जोगी की पार्टी हम पहले भी कहते रहे हैं जो इसे झुठलाते रहे हैं वे बतायें कि असलियत क्या अब सामने नहीं हैं।

राज्योंत्सव: 18.38 लाख...

1500-1500 करोड़ रूपए, कुल 3 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किसानों के बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डी.बी.टी.) के माध्यम से किया जा चुका है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना में चार किश्तों में किसानों को 5750 करोड़ रूपए का भुगतान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल एक नवम्बर को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत जिन किसानों के खातों में राशि का अंतरण करेंगे, उनमें से रायपुर संभाग के 5 लाख 60 हजार 794 किसानों के खाते में तृतीय किश्त के रूप में कुल 463 करोड़ 86 लाख रूपए की राशि, दुर्ग संभाग के 5 लाख 57 हजार 303 किसानों के खाते में 428 करोड़ 13 लाख रूपए की राशि, बिलासपुर संभाग के 4 लाख 56 हजार 100 किसानों के खाते में 391 करोड़ 63 लाख रूपए, सरगुजा संभाग के एक लाख 19 हजार 531 किसानों के खाते में 104 करोड़ 50 लाख रूपए और बस्तर संभाग के एक लाख 44 हजार 864 किसानों के खाते में 111 करोड़ 88 लाख रूपए की राशि का अंतरण तृतीय किश्त के रूप में करेंगे।

इस योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों में 9 लाख 55 हजार 531 सीमांत कृषक, 5 लाख 61 हजार 523 लघु कृषक और 3 लाख 21 हजार 538 दीर्घ कृषक हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत धान, मक्का और गन्ना उत्पादक किसानों को आदान सहायता दी जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन खरीफ 2019 से प्रारंभ किया गया है। आने वाले समय में इस योजना में खरीफ मौसम में सोयाबीन, मूंगफली, तिल, अरहर, मूंग, उड़द, कुल्थी, रामतिल, कोदो, कुटकी उत्पादक किसानों को शामिल किया जाएगा।

ट्राईबल टूरिज्म सर्किट...

छत्तीसगढ़ में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत ट्राईबल टूरिज्म सर्किट विकसित किया जा रहा है। इसके तहत पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की सुविधा के लिए बुनियादी ढ़ांचा विकसित किया जा रहा है। पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय कला, संस्कृति, हस्तशिल्प को भी बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्राइबल टूरिज्म सर्किट के अंतर्गत कुल 13 स्थानों पर 96 करोड़ की लागत से ईको एथनिक टूरिस्ट रिसार्ट निर्मित कराए जा रहे हैं।

आज से शुरू होगी...

वितरण कोण्डागांव जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत किया जाएगा। इस राईस का भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसआई) द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार वितरण किया जाएगा।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.CE (S&P) Dr SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501, Email- sepmw.dsmke@cspc.co.in

E-TENDER NOTICE NO. 2244/20

On Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced Manufacturers/ Authorised Dealers for the supply as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East):-

S. No.	Tender Specification No.	RFX No. of E-Tender	Particulars	Qty	Last date & time of bid submission	E.M.D.	Tender Cost
01	16-06/ DSPM TPS/ACE/S&P/ EE-III/CSP/ &EMD T-2516/20	[illegible]	Procurement of various sizes Chokes or Ballast (as per schedule) at DSPM TPS, CSPGCL, Korba East	[illegible]	24.11.2020 up to 15:30 Hrs.	12,300/-	590/- Including 18% GST
01	16-06/ DSPM TPS/ACE/S&P/ EE-III/EMD/ T-2517/20	[illegible]	Procurement of various sizes conventional lamps and tubes (as per schedule) at DSPM TPS, CSPGCL, Korba East	[illegible]	24.11.2020 up to 15:30 Hrs.	4,000/-	590/- Including 18% GST

NOTES:- (1) For more details, Tender Documents along with Annexure visit our website:- https://www.cspc.co.in > e-bidding > e-bidding web portal OR https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal [Helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 05.30 PM on all working days]. Any Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

-SD-
SUPRINTENDING ENGINEER (Proc.)
DSPM TPS: CSPGCL: KORBA EAST

"Electricity saved is electricity Generated" G 26848/3

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202010140400014/ अ-6/2020-21

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक साजिद हुसैन पिता साबिर हुसैन पता- महादेव वार्ड कांकेर द्वारा मोहल्ला शीतलापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 6 डी प्लाट नं. 47/2, क्षेत्रफल 69 व.मी. पक्का मकान, वार्षिक भू भाटक 16.74 रु. रूद्रप्रताप साहू पि. आशाराम साहू जाति तेली निवासी श्रीराम नगर कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि बाजार मूल्य 4,00,000 रु. (चार लाख रू.) में क्रय कर ई पंजीयन आई डी.नं. सीजी 5619305112019003 दिनांक 05/11/2019 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराया है। उपरोक्त पंजीयन के आधार पर विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किए जाने भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा/आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/ मोहल्ला में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

दीपोत्सव पर गोबर के रंग बिरंगे दिये और लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा से सजेंगे घर-आंगन

- **कबीरधाम जिले के 18 स्वसहायता समूह की महिलाएं छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुरूप बना रही हैं दीये और प्रतिमाएं**

कवर्धा(नवप्रदेष) जिले की महिला स्वसहायता समूह राज्य सरकार की गोधन न्याय योजना से जुड़कर अब तिहारी सीजन पर घर के लिए सजावटी समाग्रियों, वस्तुओं और पूजा-पाठ के लिए लक्ष्मी-गणेश जी की प्रतिमाएं तैयार कर आय का एक नया जरिया बना रही है। गाय की गोबर से बने लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं और घर की सजावटी समाग्रियों को बाजार पर बहुत पंसद किया जा रहा है। जिले में इस काम में जुटी महिला स्व सहायता समूहों को एक स्थाई बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है, जहां से आम नागरिक अपनी मन पंसद की समाग्री खरीद सकते हैं। कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने आज कलेक्टर परिसर में संचालित भोर कलेवा के समीप महिला समूहों की दूकान का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होने दिपावली पर्व के लिए गोबर से निर्मित दिए और अन्य सजावटी समाग्री भी खरीदी की। जिला पंचायत सीईओ श्री विजय दयाराम के और कवर्धा एसडीएम श्री विपुल गुप्ता ने भी गोबर से निर्मित दिए की खरीदी की।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कबीरधाम जिले की महिला समूह आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। गोबर के प्रबंधन और इसके महत्व को समझते हुए महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए गए हैं। ÷गोधन न्याय योजना÷ के तहत गौठानो गोबर की खरीदी की जा रही है, जिसे कबीरधाम जिले के 18 स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा दीपावली को ध्यान में रखते हुए गोबर के दीया, ओम, स्वास्तिक, शुभ-लाभ, लक्ष्मी-गणेश जी की प्रतिमा सहित अन्य सजावटी समान भी बनाए जा रहे है। गोबर से बने दीये से इस दीपावली में लोगों के घर जगमगाएंगे। देश में बढ़ते कोविड-19 कोराना वायरस के संक्रमण के रोकथाम और इसके संक्रमण से बचाव को विशेष ध्यान रखते हुए कबीरधाम जिले के बिहान महिला स्व सहायता समूहों द्वारा गोबर के दीया, ओम, स्वास्तिक, शुभ-लाभ, लक्ष्मी जी की मूर्ति तैयार की गई हैं।

कबीरधाम जिले के बोड़ला, पंडरिया, सहसपुर लोहारा और कवर्धा विकासखंड बिहान के 18 महिला स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार की गई गोबर से निर्मित स्वदेशी दीया, ओम, स्वास्तिक, शुभ-लाभ, लक्ष्मी जी की मूर्ति मांग बढ़ती जा रही है।

न्यूज गैलरी

नगर की खस्ताहाल सड़क को लेकर शिवसेना करेगी 3 को चक्काजाम

कांकेर (नव प्रदेश)। शिवसेना द्वारा विगत समय में कांकेर शहर की जनता एवं वाहन चालकों की समस्याओं को देखते हुए कांकेर शहर की खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत की मांग को लेकर कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कांकेर को ज्ञापन सौंपा गया था किंतु ऐसा लगता है कि लोक निर्माण विभाग को आम जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं है जिसके चलते लोक निर्माण विभाग कांकेर द्वारा अकर्मण्यता के कारण आज तक कांकेर शहर की सड़कों का मरम्मत नहीं हुआ इसके विरोध में शिवसेना द्वारा 3 नवंबर मंगलवार को कांकेर शहर के बायपास मार्ग पर प्रदर्शन कर चक्का जाम किया जावेगा जिसमें आम जनता से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक आम जनता आंदोलन मैं सम्मिलित होकर अपनी समस्याओं के खिलाफ आवाज बुलंद करने की अपील किया गया है।

अधिकारी-कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

कलेक्टोरेट परिसर में प्रभारी एडीएम ने दिलाई शपथ, मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

कोरबा (नव प्रदेश)। देश के पहले गृहमंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट परिसर में अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क पहनकर सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। प्रभारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्रीमती सूर्यकिरण तिवारी ने उपस्थित अधिकारी-कमर्चारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिये स्वयं को समर्पित करने की शपथ ली। सभी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता और कड़े निर्णयों द्वारा सम्भव हुई देश की एकता की भावना से यह शपथ ली और देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये अपना योगदान करने का भी संकल्प लिया।

किसानों के समस्या का निराकरण करें -कलेक्टर

रायगढ़ (नव प्रदेश)। कलेक्टर श्री भीम सिंह ने आज अपने कार्यालय में किसानों के ऑनलाइन पंजीयन के सम्बन्ध में धान खरीदी से जुड़े अधिकारीयों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में धान खरीदी से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी सम्मिलित हुए। अधिकारियों ने बताया कि ऑनलाइन पंजीयन में अगले तीन से चार दिनों में लगभग सभी किसानों के पंजीयन कर लिए जायेंगे। कुछ जगहों पर सोसाइटी मॉड्यूल सॉफ्टवेयर से संबंधित समस्याएं आ रही हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने उप पंजीयक सहकारिता से समस्याओं की विस्तार से जानकारी ली और तत्काल मार्कफेड और भू-अभिलेख के राज्य स्तरीय अधिकारीयों से संपर्क कर उन्हें ऑनलाइन एंट्री में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया तथा जल्द इनका निराकरण करवाने के लिए कहा। जिससे अविलम्ब जिले के किसानों का ऑनलाइन पंजीयन कार्य पूर्ण किया जा सके। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि उच्च कार्यालय से सतत् संपर्क करते हुए सॉफ्टवेयर संबंधी समस्या का जल्द निराकरण करवा कर पंजीयन कार्य पूरा करें। ऑनलाइन पंजीयन कार्य की समय सीमा 10 नवम्बर तक बढ़ा दी गयी है किन्तु जिले में सारा काम 05 नवम्बर के पहले पूर्ण कर लिया जाये। जिन जगहों में काम धीमा है वहां अतिरिक्त कर्मचारियों को संलग्न करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम श्री राजेन्द्र कटारा सहित सहकारिता, खाद्य विभाग, मार्कफेड तथा एनआईसी के अधिकारी मौजूद थे।

समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का मिले लाभ- जिला न्यायाधीश हेमंत सराफ

सूरजपुर। जिला विधिक प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीष श्री हेमंत सराफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती छाया सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री गिरीष कुमार मण्डावी, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री आलोक पाण्डे, कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा, पुलिस अधिक्षक श्री राजेष कुकरेजा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री आकाष छिकारा, अपर कलेक्टर श्री एस.एन.मोटवानी की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रट सभाकक्ष से ऑनलाईन विडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने के लिए ई-मेगा कैंप का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष, जनपद पंचायत सभाकक्ष, जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, जनपद पंचायत सूरजपुर सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जहॉ विभिन्न स्थानों से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ऑनलाईन माध्यम से प्रषासनिक अधिकारियों के साथ लाभार्थियों को जोड़ा गया। इस ई-मेगा कैंप में कोविड-19 महामारी के गाइड़ लाईन का पालन करते हुए विधिक सेवाओं की सुविधा एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी विभिन्न विभागों द्वारा शासन के योजनाओं की जानकारी एवं विभिन्न सहायता सामग्री हितग्राहियों को आज के ई मेगा कैम्प में वितरण किया गया। इस दौरान जिला न्यायाधीष श्री हेमंत सराफ ने हितग्राहियों , अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि रोटी, कपड़ा, मकान प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत आवष्यकताएं हैं, शासन की योजनाओं का लाभ दिलाते हुए प्रत्येक व्यक्ति का न्याय करे इसे ध्यान में रखकर प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सेवा भाव से कार्य करें जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

चौकी प्रभारी ने कार्यभार संभालते ही राइस मील संचालक को धमकाया

कई मामलों में विवादित चौकी प्रभारी ने कहा रकम भिजवा वर्ना समझ लो

नव प्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। बस्तर जिला पुलिस को उनके कर्तव्यपरायणता के लिए जाने,जाने के कारण कई बार छतीसगढ़ डीजीपी के निर्देष पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला पुलिस को सम्मानित किया गया।जिले के समस्त थानों के अलावा चौकी प्रभारी भी अपने पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गए दिशा निर्देश का पालन कर ÷परित्राणाय साधुनाम÷ को चरितार्थ करने में जुटे है।लेकिन 20 दिन पहले आए बकावंड पुलिस चौकी में नवनियुक्त प्रभारी की हरकत से इस पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के व्यवसायी, सरकारी कर्मचारी के अलावा आम आदमी काफी परेशान है। मिली जानकारी के अनुसार सरगीपाल विकासखंड बकावंड के राइस मिल संचालक इरफान अघाड़ी के राइस मिल स्थित आवास पर बकावंड चौकी प्रभारी द्वारा दल बल समेत पिछले 11 अक्टूबर को दबिश देकर पूछा गया कि यहां पीडीएस की चावल उतरती है। वह कहां से और कितनी मात्रा में आता है। उसकी जानकारी मुझको चाहिए। लेकिन राइस मिल संचालक द्वारा जब उसे अपने राइस मिल के विगत 2 वर्ष से बंद होने की बात बताई गई तब चौकी प्रभारी द्वारा लगभग उसे धमकाने के अंदाज में गालियां बकते हुए उससे सब जानकारी बताने की बात पूछी गई। लेकिन राइस मिल संचालक के इस मामले पर अपनी अनभिज्ञता जाहिर करने पर उक्त चौकी प्रभारी ने सीधे-सीधे कहा कि शायद तुम मुझे जानते नहीं हो मेरा नाम टिल्लू सिंह है। अब केवल मेरी नौकरी के 3 महीने ही बचे हैं। इस कारण तुम मुझे हर महीने एक निश्चित रकम भिजवा दिया करो ।वर्ना मैं तुम्हारी वह हालत करूंगा कि तुम्हारे सात पुस्ते भी याद रखेगी। बकावंड चौकी प्रभारी के इस प्रकार के तुगलकी फरमान से अचंभित राइस मिल संचालक द्वारा बार-बार समझाने का प्रयास किया गया।

उन्होंने चौकी प्रभारी को यह भी बताया कि पिछले 2 वर्ष से पंचायत वासियों की शिकायत पर कि राइस मिल से निकलने वाले धुँए एवं उसके प्रदूषण से परेशानी हो रही है। इस कारण प्रशासकीय आदेश पर हमने राइस मिल का संचालन बंद रखा है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को आज ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनाया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री डी.एल. कटकवार ने जिला प्रशासन एवं न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारियों को जिला पंचायत के सभाकक्ष में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए समर्पित होकर कार्य करने और देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने की शपथ ली गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री के.एल. चौहान, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश श्री जितेन्द्र कुमार, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार मिंज, अपर सत्र न्यायाधीश एफ टी. सी. प्रशांत कुमार शिवहरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री चित्रलेखा सोनवानी, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक आकांक्षा ठाकुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमृता दिनेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, वन मण्डलाधिकारी अरविन्द पीएम, अपर कलेक्टर एस.पी. वैद्य, एसडीएम कांकेर उमाशंकर बंदे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

मावली परघाव में आई माता की ससम्मान विदाई

जगदलपुर (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ की सिध्दशक्ति पीठों में एक दंतेवाड़ा जिले में स्थित मां दंतेश्वरी देवी बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने आई हुई थी जो कि दशहरा पर्व की समाप्ति के बाद वापस लौट रही है जिनकी ससम्मान विदाई दशहरा कमेटी द्वारा किया गया है। विदाई के पूर्व बस्तर सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, हस्त शिल्प बोर्ड अध्यक्ष चंदन कश्यप ने स्थानीय मंदिर में पूजा अर्चना किया और क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना की। ज्ञात हो कि बस्तर में 75 दिनों का दशहरा पर्व मनाया जाता है और इस पर्व में सभी गांवों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी जाती है। कोरोना संक्रमण काल में भी सभी प्रकार की विधान निर्विघ्न संपन्न हुआ।

राज्य की प्रथम ई-विधिक सेवा मेगा कैम्प सीरीज का वर्चुअल उद्घाटन

नव प्रदेश संवाददाता

रायगढ़। नालसा अंतर्गत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा आज राज्य की प्रथम ई-मेगा कैम्प सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन आज विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष एवं हाईकोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि वंचितों को आर्थिक एवं सामाजिक न्याय दिलाने के लिए ई-मेगा विधिक सेवा कैम्प एक अभिनव पहल है। न्याय सिर्फ अदालत तक सीमित नहीं है बल्कि इसकी विस्तृत परिभाषा है। विभिन्न विभागों के सहयोग एवं समन्वय से ई-मैगा कैम्प सीरीज राज्य के 23 जिलों एवं 64 तालिकाओं में आयोजित किया गया है। कैम्प की शुरूआत में ही 4 लाख 40 हजार से अधिक हितग्राहियों को एक सौ ग्यारह करोड़ रूपये का लाभ पहुंचाया गया। कैम्प के उदघाटन के अवसर पर जस्टिस मिश्रा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि ई-मेगा कैम्प जन जागरूकता के लिए एक अभिनव प्रयास है। वर्तमान कोविड की परिस्थिति में विधिक साक्षरता की गतिविधियां ई प्लेटफार्म पर हो रही है। राज्य में पहली ई-लोक अदालत सफल रूप से आयोजित होने के पश्चात् ई-मेगा कैम्प पर विचार किया गया।

फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 को

कांकेर (नवप्रदेश)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2021 के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार कांकेर जिले में 16 नवंबर सोमवार को फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी यू.एस. बंदे ने बताया कि फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन तिथि 16 नवंबर सोमवार से 15 दिसम्बर मंगलवार तक मतदाता अपने मतदान केन्द्र में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नये मतदाता जिनकी आयु 01 जनवरी 2021 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण होगा, वे अपने मतदान केन्द्र में अपना नाम जुड़वा सकते हैं, साथ ही जिनका नाम मतदाता सूची में त्रुटि है, वे त्रुटि सुधार (संशोधन), स्थान परिवर्तन व मतदाता सूची से नाम विलोपन के लिए भी आवदेन कर सकते हैं। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2021 शुक्रवार को किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बंदे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य संपादन के लिए नियुक्त बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों का प्रशिक्षण 08 नवम्बर तक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के माध्यम से पूर्ण किया जावेगा।

कर्मचारियों ने ली देश की एकता और अखंडता सहित सुरक्षा की शपथ

बीजापुर (नव प्रदेश)। देश की एकता एवं अखंडता के सूत्रधार और प्रथम गृह मंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टोरेट बीजापुर में अधिकारी और कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए योगदान देने की शपथ ली। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप वैद्य ने कलेक्टोरेट के सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाये रखने हेतु योगदान निभाने की शपथ दिलायी।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा प्रकरणों की सुनवाई 04 नवम्बर को

कांकेर (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त कांकेर जिले की प्रकरणों की सुनवाई 04 नवम्बर को कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयोग के अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरण मयी नायक द्वारा दोपहर 12 बजे से सायं 05 बजे तक की जाएगी। नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सुनवाई के दौरान सोशल डिस्टेसिंग एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग तथा सेनेटाईजर की व्यवस्था किया जाएगा। सुनवाई हेतु सभी पक्षकार अपने निर्धारित समय में बारी-बारी से उपस्थित होंगे।

कुटरू में तहसील कार्यालय भैरमगढ़ के लिंक कोर्ट का शुभारंभ

बीजापुर (नव प्रदेश)। जिले के दूरस्थ कुटरू ईलाके के लोगों की बरसों पुरानी मांग आज पूरी हो रही है, छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप शासन की सभी योजनाओं को आम जनता तक आसानी के साथ पहुँचाने सहित जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र प्रदान करने तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अब तेजी आयेगी।

अब ली सुध कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम, एन.एच.ए.आई. और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने किया मौका-मुआयना

चार खण्डों में पूरा होगा पाली-कटघोरा सड़क मरम्मत कार्य

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। पाली से कटघोरा की खराब सड़क की मरम्मत का काम अगले एक महीने में पूरा हो जायेगा। सड़क के खराब भागों को चार खण्डों में बांटकर समय-सीमा निर्धारित कर ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया है। कोरबा जिले में सड़को की मरम्मत के काम को लेकर संजीदा कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के निर्देश पर एसडीएम कटघोरा श्री अभिषेक शर्मा के साथ एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़क का मौका-मुआयना किया। अधिकारियों ने वर्तमान में सड़क की मरम्मत के कामो की गुणवत्ता भी परखी और ठेकेदारों को श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर तेजी से 30 नवम्बर तक काम पूरा करने के निर्देश दिये।

तीन दिन पहले ही कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने सड़कों की मरम्मत को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की थी। उन्होंने बैठक में एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों को सड़कों को मरम्मत कर 30 नवम्बर तक किसी भी परिस्थिति में आवागमन योग्य बनाने के सख्त निर्देश दिये थे। कलेक्टर के निर्देश पर ही कटघोरा एसडीएम ने अधिकारियों के साथ मिलकर मरम्मत कार्यो का कल मौका-मुआयना किया। एसडीएम श्री शर्मा ने बताया कि अगले एक महीने में पाली-कटघोरा सड़क को चार स्टेज में बांटकर मरम्मत काम की समयावधि तय कर दी गयी है।

अगले पांच दिनों में पहले चरण में डूमरकछार से पाली तक लगभग 700 मीटर की सड़क पर गड्ढों को हैवी मैटल से भरकर कॉम्पैक्शन कर पैचवर्क किया जायेगा। दूसरे चरण में चटुआभउना से माखनपुर तक 2.63 किलोमीटर की खराब सड़क की मरम्मत का काम अगले 15 दिनों में पूरा कर लिया जायेगा। तीसरे चरण में गुईचुंआ से चटुआभउना तक 425 मीटर की सड़क की मरम्मत होगी। एसडीएम श्री शर्मा ने बताया कि एनएचएआई के अधिकारियों ने सड़क मरम्मत के पहले तीन चरण के इन कामों को दीवाली के पहले पूरा करने पर सहमति जताई है। उन्होंने बताया कि चैथे चरण में माखनपुर से डुमरकछार तक 1.83 किलोमीटर की सड़क पर गड्ढों को भरकर कॉम्पैक्शन और बीटी पैचवर्क दीपावली त्यौहार के बाद दस दिनों के भीतर कर लिया जायेगा। एनएचएआई के अधिकारियों ने इस सड़क पर सभी जर्जर खण्डों में गिट्टी, मेटल आदि भरकर समुचित पानी डाल कम्पेक्शन का काम शुरू करा दिया है। अधिकारियों ने मौके पर यह भी आश्वासन दिया कि अगले 15 दिनों में इस सड़क के सभी गड्ढे पूरी तरह से पाट कर निर्धारित समयसीमा में डामरीकरण पैचवर्क पूरा कर लोगों के आवागमन के लायक बना दिया जायेगा। मौके पर मुआयने के दौरान गुईचुंआ, माखनपुर, डुमरकछार, चैतमा और सुतर्रा खण्डों में लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जा रहे मरम्मत कामों का भी जायजा अधिकारियों के दल ने लिया और काम करने वाले ठेकेदारों को काम की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिये। अधिकारियों ने मुनगाडीह में गाजरनाले पर बन रहे नये पुल और उसकी एप्रोच रोड के काम का भी निरीक्षण किया। एसडीएम श्री शर्मा ने पुल के दोनो तरफ एप्रोच रोड का काम तेज करने के निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिये। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने तीन दिन पहले ही बैठक में सड़कों को मरम्मत कर आमजनों के लिये आवागमन योग्य बनाने अधिकारियों को काम की रफ्तार तेज करने के सख्त निर्देश दिये थे।

बैठक में कलेक्टर ने यहां तक

खदानों के लिए बनाया नियम दरकिनार, नारंगी नदी में कानून तार-तार

बड़े आमाबाल में प्रशासन के नियमो की अनदेखी कर नदी का सीना मशीन से चीरा

नवप्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा नई रेत खनन नीति बनाया गया है जिसमे पर्यावरण संरक्षण के अनुरुप रेत खनन की अनुमति प्रदान किये जाने का प्रावधान है। किंतु बड़े आमाबाल नारंगी नदी में रेत खनन ठेकेदार द्वारा शासन के नियमों को दरकिनार कर रेत खनन कानून को तार -तार किया जा रहा है। रेत खदान के नियमो का पालन कराने वाले प्रशासनिक अधिकारियों का सुस्त रवैय्या भी इसके लिए जिम्मेदार है।

छत्तीसगढ़ सरकार की रेत खनिज नीति के तहत बस्तर ब्लाक के बडे आमाबाल में नारंगी नदी में रेत उत्खनन हेतु ...... पांडे ? नामक किसी ठेकेदार को 2 वर्ष के लिए यह खनिज पट्टा दिया गया है। खनिज पट्टे में रेत खनन के लिए कई प्रकार की शर्ते दी गई है जिसमें खनन के मेन पावर का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना है किंतु उसके विपरित जेसीबी मशीन से खुदाई कर नियमो की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। वहीं रेत खनन नियम के तहत सीसीटीवी की निगरानी में यह उत्खनन होना चाहिए किंतु सम्पूर्ण क्षेत्र में कहीं भी सीसीटीवी नहीं पाया गया है।

इसी प्रकार स्थानीय लोगों को भी यह ठेकेदार काम नहीं दे रहा है जबकि कांग्रेस पार्टी के युवा नेता व व्यवसायी सूरज कश्यप इस उत्खनन कार्य में लगे हैं। सर्वाधिक दिलचस्प बात यह है कि देर रात तक मशीनों द्वारा उत्खनन किये जाने से इस क्षेत्र के लोगों की रात में खलल पढ़ रही है वहीं जिला खनिज विभाग द्वारा इस हेतु किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं करने से कई प्रकार की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

बड़े आमाबाल रेत उत्खनन के बारे में जब स्थानीय संवाददाताओं ने चर्चा करने के लिए युवा नेता व व्यवसायी सूरज कश्यप से संपर्क किया तो पहले उसने सभी दस्तावेज वाट्सअप से भेजने की बात कही यहीं नहीं दूसरी तरफ दूसरे नेता के माध्यम से मामले को नहीं छापने के लिए दवाब बनाने की भी कोशिश की गई।पु:न जब इस बारे में युवा नेता सूरज कश्यप से चर्चा किया गया तो उन्होंने ज्यादा जानकारी देने की बजाय सिर्फ यह स्वीकार किया कि कोई पांडे इसके ठेकेदार है सिर्फ वह यह कामकाज देखते है।सवाल यह है कि ठेकेदार ने तकनीकी स्तर पर जानकारी नहीं होने वाले व्यक्ति को यह जिम्मेदारी क्यों सौंपा गया हैं जिससे यहां अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है।

कांग्रेस के लोग डकैती पर उतर आए हैं

प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप ने कहा कि खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में रेत उत्खनन के कार्य में जुड़े कांग्रेश के लोग डरा धमकाकर रेत का अवैध खनन एवं परिवहन का काम कर रहे हैं जनप्रतिनिधियों के साथ कई स्थानों पर जानलेवा हमला भी किया जा रहा है कोरोना काल होने के कारण आंदोलन नहीं हो पा रहा है कोरोनाकाल खत्म होने पर ऐसे तस्करों के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा श्री कश्यप ने कहा कि जिस ढंग से कांग्रेस की सरकार चल रही है ऐसा लग रहा है कि बस्तर ही नहीं प्रदेश में कांग्रेस के लोग डकैती में लगे हुए हैं चाहे वह रेत का हो, वन भूमि का हो या अवैध शराब का सरकार के संरक्षण में प्रदेश में अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

विभाग के इशारों से रेत का हो रहा है अवैध परिवहन

शासन द्वारा जिन स्थानों पर रेत उत्खनन की अनुमति दी गई है उन स्थानों से पिटपास के साथ परिवहन का प्रावधान है लेकिन इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है विभाग के अधिकारियों के इशारे पर बिना पिटपास के ही रोजाना दर्जनों हाईवा से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है एक से दो वाहन का ही पिटपास कटाकर कई वाहनों में रेत का हो रहे अवैध परिवहन जिससे शासन को लाखों के रॉयल्टी का बट्टा लगाया जा रहा है।

मालगांव घटना में पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

फरार आरोपियों को प्रश्रय देने वाला पुलिसकर्मी गिरफ्तार

- पूर्व में पांच आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

गरियाबंद। गरियाबंद पुलिस ने मालगांव रोडरेज की घटना में एक और बड़ा खुलासा करते हुए मुख्य आरोपियों को अपने घर पर संश्रय देने एवं साक्ष्य छुपाने को लेकर मामले में एक पुलिसकर्मी को सहभागी मानते हुए गिरफ्तार किया है। जिले के ग्राम मालगांव में बीते 26 अक्टूबर की रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पुलिस की तफ्तीश लगातार जारी है। मामले में पांच आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं, आज पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है, आरोपी बादल सुखदेवे पुलिस महकमे में पदस्थ है।

प्रेसवार्ता में एडिशनल एसपी सुखनन्दन राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी बादल भी घटना से पहले अन्य आरोपियों के साथ गाड़ी में मौजूद था, लेकिन अन्य आरोपियों को आक्रोशित भाव में देखकर वह गाड़ी से नीचे उतर गया और वारदात से पहले ही अन्य आरोपियों से अलग हो गया था। लेकिन घटना के बाद बादल ने सब कुछ जानते हुए भी आरोपियों को अपने घर में संश्रय दिया और उनकी गाड़ी को भी छुपाने में मदद की। जिस पर बादल को भी मामले में सहभागी मानते हुए गरियाबंद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

एएसपी श्री राठौर ने बताया कि बादल सुखदेवे सहायक आरक्षक के पद पर पदस्थ है। घटना की जानकारी होने के बाद भी बादल ने आरोपियो के इरादे की जानकारी समय रहते पुलिस को नहीं दी और वहीं घटना के बाद उसने फरार आरोपियो को अपने घर मे पनाह दी। जिसके चलते पुलिस ने बादल के खिलाफ भादवि की धारा 201, 212 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है।

मालूम हो कि इस हादसे में एक चार साल के बच्चे की मौत हो गई थी और दर्जनभर लोग घायल हो गए थे। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने अगले दिनभर नेशनल हाईवे 130 सी को जाम कर दिया था। चक्काजाम बहाल कराने में पुलिस के पसीने छूट गए थे। पुलिस ने मामले में काफी सजगता और गंभीरता से कार्रवाई करते हुए पहले दो आरोपियों को और उसके बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, आज फिर मामले में छठे आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। श्री राठौर ने कहा है कि पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुटी हुई है। बताया गया कि उक्त आरोपियों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किए जाने को लेकर परिवहन विभाग को पत्र लिखा गया है। मामले में गवाह एवं तथ्य सामने आएंगे पुलिस निष्पक्षता के साथ कार्यवाही करेगी, हर पहलुओं को बारीकी से जांच की जा रही है।

उक्त प्रकरण के विवचेना व आरोपी पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल केनिर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक टी आर कंवर के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल के नेतृत्व में उप निरीक्षक, नवीन राजपूत, प्र0आर0 511 डिगेश्वर साहू, आर0 मनिष चेलकर, सुखसागर नाग, सैनिक रविशंकर सोनवानी का विशेष योगदान रहा ।

मालगांव की घटना दुर्भाग्यपूर्ण सिन्हा परिवार पर कहर बरपा

चार साल के मासमु की मौत, पिता का पैर टुटा रायपुर में भर्ती

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। 26 की रात ग्राम मालगांव में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में चार वर्षीय मासुम मोनेश सिन्हा की बेवजह मौत हो गई। इसके अलावा उसके पिता सोहन सिन्हा का एक पैर टुट गया है जिसका रायपुर मे इलाज जारी है। इस घटना के चलते जहां दशहरे की रात ग्राम मालगांव और मृतक परिवार के लिए मातम मे बदल गई। मृतक परिवार पर दुगुना दुख का कहर बरसा। एक ओर चार साल के मासुम की मौत हो गई वही घर के मुखिया सोहन का पैर टुट गया है।

इस घटना के बाद पूरा परिवार मातम मे डुबा है। परिवार के सामने रोजी रोटी रोजगार की भी समस्या खड़ी हो गई है। सोहन के परिवार में उसकी पत्नि के अलावा दो बच्चे थे। जिसमें एक की मौत हो गई है

दूसरा बच्चा सुरेन्द्र 6 साल का है। सोहन रोजी मजदुरी कर जीवनयापन करता था परंतु घटना के बाद वह फिर से काम कैसे करेंगा यह चिंता का कारण बना है। फिलहाल सोहन का इलाज रायपुर मे हो रहा है उसकी पत्नी और बच्चा सुरेन्द्र घर में मातम मे डुबे है। हालाकि परिजन और गांव वाले उनको हिम्मत दे रहे है परंतु घटना के बाद परिवार पर आर्थिक संकट के बादल छा गए है।

इधर प्रशासन से भी अभी तक कोई ठोस सहयोग मृतक परिवार को नही मिल पाया है। प्रशासन की ओर से मृतक परिवार को मदद के नाम पर केवल तत्कालिक सहायता राशि 25 हजार मिले है। चक्काजाम के दौरान ग्रामीणो द्वारा 25 लाख के मुआवजे और रोजगार दिलाने की मांग की गई थी, वही प्रशासन और ग्रामीणो के बीच हुई बैठक में भी ये मांग दुहराई गई थी परंतु प्रशासन ने इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताकर अतिरिक्त मुआवजा के लिए राज्य शासन से मांग कर दिलाने का आश्वासन दिया है। जिसमे कितना समय लगेगा स्पष्ट नही है।

मासूम मोनेश के पिता सोहन को दो बार इलाज के लिए अस्पताल बदलना पड़ा

ग्रामीणो के आक्रोश को देखते हुए प्रशासन ने घायलो के समुचित निशुल्क इलाज का भी भरोसा दिलाया था परंतु चार दिन में ही प्रशासन के दावे की पोल खुल गई है। पता चला है कि घटना के बाद मृतक मासुम मोनेश के पिता सोहन को दो बार इलाज के लिए अस्पताल बदलना पड़ा है। घटना के बाद सोहन को तत्काल मेकाहारा में भर्ती किया गया था। जहा कुछ घंटे रखने के बाद उसे डीकेएस अस्पताल भेज दिया गया। जहां दो दिन तक भर्ती था, इलाज के अभाव वे वहां से कृष्णा हास्पीटल चले गए। यहां भी दो दिन तक भर्ती रहे लेकिन समुचित इलाज नही मिला। जिसके बाद सांसद चुन्नीलाल साहू के दखल के बाद उसे शुक्रवार को एम्स में भेजने की खबर मिली है परंतु बेड खाली नही होने के चलते देर शाम तक भर्ती नही हो सके थे।

5001 दीयों से होगी छत्तीसगढ़ महतारी की महाआरती

खरोरा। राज्य स्थापना दिवस पर प्रतिवर्ष रायपुर के डब्ल्यू आर एस कालोनी में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इस वर्ष कोरोना महामारी के चलते विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन स्थगित हैं। रायपुर शहर जिलाध्यक्ष राजकुमार साहू ने बताया एक नंबर 2020 रविवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी अंगना डब्ल्यू आर एस कालोनी में राजकीय गीत के साथ 5001 दीयों से शाम 5 बजे छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य महाआरती की जायेगी।

अवैध शराब बिक्री करने वाला दो लोग गिरफ्तार

खरोरा। खरोरा थाना अन्तर्गत अवैध शराब बेचने वालो के खिलाफ खरोरा थाना प्रभारी के नेतृत्व मे ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही खरोरा पुलिस ने अवैध शराब के करोबारियो सलाखों के पिछे पहुचाने मे लगी है,वही थाना प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर द्वारा अवैध शराब बेचने वालो के खिलाफ सफाई अभियान जारी रखने की बात कही इसी कार्यवाही के तहत खरोरा पुलिस के थाना क्षेत्र मे अवैध शराब करोबारी दो लोगा के उपर कार्यवाही कर जेल भेजा गया ।प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस थाना खरोरा अन्तर्गत छड़िया पचरी मार्ग में अवैध शराब बिक्री कर रहे गवाही लाल ओगरे पिता कलीराम ओगरे, आयु 42 वर्ष निवासी ग्राम कोडापार को शराब ले जाते पकडा गया। आरोपी के पास से 25 पौव्वा गोल्डन गोआ अंग्रेजी शराब कीमती लगभग 3000/ रुपये बरामद किया गया।

खरोरा नगर में शरद पूर्णिमा का बड़े धूमधाम के साथ मनाया

खरोरा। खरोरा नगर सहित सभी जगह में शरद पूर्णिमा का बडे धूमधाम और सादगी के साथ मनाया गया जिसमें नगर में जितने भी स्थानों में मातारानी विराजमान होती है उन सभी जगहों में सादगी के साथ शरद पूर्णिमा मनाया गया। जिमसें अभिनन्दन दुर्गाउत्सव समिति पुराना बस स्टैंड खरोरा में माता रानी की गीत से शुरवात कर भगवान के लिए प्रसाद खीर बनना प्रारम्भ किये उसके बाद सेवा गीत गाते गाते, खीर को खुली जगह में अमृत बरसने के इंतजार कर सेवा में मग्नमुग्ध हो गए उसके बाद खीर प्रसाद का वितरण किये जिसमे पुराना बस स्टैंड के व्यपारीगण एवं समिति के सदस्य एवम महिलाये बच्चे प्रसाद लेने पहुँचे, कोरोना काल की वजह से ज्यादा प्रसाद नही बनाया गया था ऐसे समिति वालो न बताया उपस्थित रहे ।

जानें शरद पूर्णिमा पर खीर का महत्व

शरद पूर्णिमा को आश्विन पूर्णिमा भी कहा जाता हैं. शास्त्रों के अनुसार शरद पूर्णिमा की तिथि पर चंद्रमा पृथ्वी के सबसे नजदीक रहते है. इस रात चंद्रमा की किरणों में औषधीय गुण की मात्रा सबसे अधिक होती है, जो मनुष्य को सभी प्रकार की बीमारियों से छुटकारा पाने में मदद होती है. चंद्रमा की किरणों में औषधीय गुण होने के कारण शरद पूर्णिमा की रात को खीर बनाकर उसे खुले आसमान के नीचे रखा जाता है. रात भर खीर में चंद्रमा की किरणें पड़ने के कारण खीर में चंद्रमा की औषधीय गुण आ जाती हैं. फिर अगले दिन खीर खाने से सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है.!

कमजोर फसल और त्योहार की मांग से खाद्य तेल होने लगा महंगा

- राईस ब्रान, सोयाबीन और सरसों तेल में टीन पीछे सौ से चार सौ रुपए की तेजी

भाटापारा। महंगाई एक कदम और आगे बढ़ी। आलू, प्याज और चाय पत्ती के बाद अब नंबर है खाद्य तेल का। इसमें टीन पीछे 100 रुपए की तेजी आ चुकी है। हमेशा की तरह इसके पीछे भी कमजोर फसल को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है लेकिन जब धान की फसल रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है तो इसके कोढ़े से बनने वाला राईस ब्रान ऑयल क्यों महंगा हो रहा है? जैसे सवाल के जवाब में खाद्य तेल का बाजार निरुत्तर नजर आता है।

तेजी। सदाबहार जवाब। फसल कमजोर है। जवाब सुनते ही- चलिए, भाव तो बता दीजिए...? एक साथ 100 रुपए की तेजी प्रति टीन के पीछे सुनते ही कुछ पल का सोचा जाना, विचार किया जाना...। आखिरकार उपभोक्ता की हामी सुनते ही टीन का पैक निकाल दिया जा रहा है।

अब एक और सवाल- सोयाबीन, सरसों, बर्रे, तिल और मूंगफली की फसल कमजोर हुई है लेकिन धान की फसल तो इस बार जोरदार बताई जा रही है। बीते साल भी स्थिति कुछ ऐसी ही थी फिर इसके कोढ़ा से बनने वाला राईस ब्रान ऑयल की तेजी के पीछे वजह क्या है? इसका जवाब देने में फिलहाल बाजार खुद को बेहद असहाय महसूस कर रहा है क्योंकि सवाल एकदम सही है। बहरहाल तेजी के बीच भी बाजार बढ़त की ओर है क्योंकि त्यौहारी मांग ने अपनी उपस्थिति बाजार में दे दी है।

सोयाबीन और राईस ब्रान में ये हाल

खाद्य तेल के बाजार में राईस ब्रान तेल की हिस्सेदारी साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। बाजार सूत्रों के मुताबिक यह हिस्सेदारी लगभग 60 प्रतिशत के करीब पहुंच चुकी है। स्ट्रीट फूड वेंडरों से शुरू हुआ राईस ब्रान ऑयल अब घरों तक पहुंच बना चुका है। ऐसे में हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। प्रतिदिन के खरीददार को अब इस पर 16 सौ रूपये खर्च करने पड़ेंगे। सोयाबीन तेल में फिलहाल 150 रुपए की तेजी आ गई है लेकिन जिस तरह खरीदी हो रही है उसके बाद यह 1650 रुपए टीन पर पहुंच गया है। इसके पहले तक यह 15 सौ रुपए पर उपलब्ध हो रहा था।

ये 2200 से 2500 रूपये टीन

खाद्य तेल के बाजार में कभी हर घर तक आसान पहुंच बना चुका मूंगफली का तेल अब हर वर्ग के उपभोक्ता की क्रय शक्ति से लगभग बाहर जा चुका है। बेहद कमजोर हिस्सेदारी के साथ खाद्य तेलों के बाजार में चुनी हुई दुकानों में ही इसकी उपलब्धता हो रही है। कीमत सुनकर होश उड़ जा रहे हैं। बाजार सूत्रों के मुताबिक मूंगफली का तेल 22सौ से 25 सौ रूपये टीन पर मिल सकेगा । चलते-चलते यह भी जान लीजिए कि इतने पैसों में 600 रुपए और मिला दिया जाए तो राईस ब्रान का 2 टीन तेल लिया जा सकेगा।

सरसों तेल में तूफान

कहा जा सकता है कि सरसों तेल का सीजन आम की फसल के साथ-साथ चला करता है जो कि गर्मी के दिनों में आती है। फिर ठंड में इसमें गर्मी क्यों आ रही है? सीधा सा जवाब बाजार दे रहा है कि ठंड में इसका उपयोग ग्रामीण क्षेत्र बहुतायत के साथ करता है। वैसे बीते सत्र का जो स्टॉक बचा हुआ है उसकी खरीदी ऊंची कीमत पर हुई थी। मंडियों में आ रही फसल भी लगातार तेजी के बीच खरीदी जा रही है। इसलिए सरसों तेल में एक साथ 400 रुपए टीन पीछे तेजी आ चुकी है। इसके बाद 16 सौ रुपये पर मिल रहा सरसों तेल अब 2000 रुपए पर पहुंच चुका है।

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ महतारी की आरती का आयोजन

भाटापारा। छत्तीसगढ़ राज्य के 21 वां स्थापना दिवस के अवसर मे भाटापारा के गौरव पथ स्थिति छत्तीसगढ़ महतारी चौक मे छत्तीसगढ़ महतारी के आरती के कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना व छत्तीसगढ़िया महिला क्रांति सेना के द्वारा आयोजित किया गया है । इस अवसर पर संस्कृतिक कार्यक्रम सुआ नृत्य करमा नृत्य जैसे छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्य का आयोजन 04 बजे से किया गया है। शाम 06 बजे छत्तीसगढ़ महतारी की आरती किया जावेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयो व शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को सम्मानित किया जावेगा ।

विधायक शिवरतन ने मारवाही में ली बैठक

भाटापारा। क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा मरवाही विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए जगह-जगह गांव-गांव में बैठक कर ले रहे हैं श्री शर्मा मरवाही के सेमरा मंडल के गांवो मैं सभाएं लेकर ग्रामीण जनों से अपील कर रहे हैं कि वे अपने मत के द्वारा प्रदेश की भूपेश सरकार द्वारा चुनाव के पूर्व किए गए वायदों का करारा जवाब देवें प्रदेश की सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों से विश्वासघात किया है इसके विश्वास घा त से किसान ,महिला, युवा, मजदूर कोई भी नहीं बच पाया है आज भी किसान ?25 सौप्रति कुंटल धान की खरीदी कीबाट जो रहे हैं महिलाएं देख रही हैं कि इस सरकार ने गंगाजल हाथ मेंलेकर

शराबबंदी का जो वादा किया था और हम आसान्वित थे किअब हमारे घर का मुखिया शराब पीकर घर में नहीं आएगा और हम से मारपीट नहीं करेगा किंतु इस सरकार ने दो शराबबंदी करना तो दूर शराब की घर पहुंच सेवा शुरू कर दी है श्री शर्मा ने कहा कि यह सरकार युवाओं को ?25 सौ प्रति माह बेरोजगारी भत्ता का वायदा कर अपने वायदे से मुकर गई श्री शर्मा ने कहा कि आपका इस सरकार के विरुद्ध किया गया एक-एक वोट इस सरकार को अपना वायदा खिलाफी याद दिलाएगा अतः आप इस सरकार के विरुद्ध वोट देकर भाजपा के सक्रिय प्रत्याशी डॉक्टर गंभीर सिंह को प्रचंड वोटों से विजई बनाकर छत्तीसगढ़ के विधानसभा में भेजिए ।

सिरीयस मरीजों का उत्कृष्ट ईलाज (उचित दरों में), सर्वसुविधायुक्त आईसीयू आधुनिक ऑपरेशन थियेटर सभी प्रकार की जांच सुविधा

बांठिया हॉस्पिटल

कोविड मरीजों के ईलाज के लिए अलग व्यवस्था

100 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल

24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं

राजा तालाब रोड, रायपुर, फोन : 0771-2425009, 2424737